

Subscribe Amar Bhaskar News @amarbhashkarnews Amar bhashkar

हिन्दी दैनिक

# अमर भास्कर

ज़िद सच की



उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ एवं उत्तराखंड में प्रसारित

राहुल गांधी बने नेता विपक्ष बोले हम संविधान की ......01 | Email- amarbhashkar21@gmail.com, www.amarbhashkar.in | योगी सरकार एक्शन में 43 हजार करोड़ रूपये से बिजली..01

वर्ष: 01 अंक: 351 | बदायूं, गुरूवार 27 जून 2024 | पृष्ठ- 06 | मूल्य- 4.00 रूपये


## अरविंद केजरीवाल सीबीआई की तीन दिन रिमांड पर

**नई दिल्ली।** अदालत ने आबकारी मामले में गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तीन दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया। इससे पूर्व सीबीआई ने केजरीवाल से अदालत में पूछताछ के गिरफ्तार कर लिया था। अदालत ने कहा आरोपी से मामले में पूछताछ करने के लिए रिमांड जरूरी है।



अदालत ने सीबीआई के उस तर्क को भी स्वीकार कर लिया कि मामले में अंतिम निष्कर्ष के लिए केजरीवाल से पूछताछ जरूरी है। अदालत ने सीबीआई को रिमांड के दौरान केजरीवाल की चिकित्सा जांच करवाने व उनके वकील को मिलने की मंजूरी भी प्रदान की है। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश अमिताभ रावत के समक्ष तिहाड़ जेल से केजरीवाल को प्रोडक्शन वारंट के आधार पर पेश किया गया। सीबीआई ने अदालत से केजरीवाल से आबकारी नीति के संबंध में पूछताछ की इजाजत मांगी। वहीं केजरीवाल की और से पेश वकील ने आपत्ति जताते हुए कहा कि उन्हें अपने मुवक्किल के अदालत में पेश करने की जानकारी नहीं दी गई और सभी दस्तावेजों का अध्ययन करने के मद्दे नजर सुनवाई कल तक के लिए स्थगित की जाए।

अदालत ने उनके आग्रह को नामंजूर करते हुए सीबीआई को अदालत में केजरीवाल से पूछताछ करने की मंजूरी प्रदान कर दी। कोर्ट की अनुमति के बाद केजरीवाल से सीबीआई कोर्ट ने पूछताछ कर उन्हें सीबीआई मामले में गिरफ्तार कर लिया। केजरीवाल पहले ही ईडी मामले में हिरासत में हैं। सीबीआई ने केजरीवाल को गिरफ्तार करने के बाद अदालत से उनका पांच दिन का रिमांड देने का आग्रह करते हुए कहा कि वे उनसे शराब नीति को लेकर पूछताछ करना चाहती है। सीबीआई ने अदालत को बताया कि 17 आरोपियों के खिलाफ चार आरोपपत्र दाखिल किए गए हैं। वह जांच के लगभग निष्कर्ष पर पहुंच चुके हैं।

केजरीवाल के वकील विवेक जैन ने दलील दी कि मनीष सिसोदिया की जमानत के दौरान भी यही दलीलें दी गई थीं। सिसोदिया के खिलाफ आरोपपत्र पहले ही दाखिल किया जा चुका है। अगर आप उन्हीं सबूतों पर भरोसा कर रहे हैं तो अब मुझे कैसे गिरफ्तार कर सकते हैं? उन्होंने कहा कि जहां तक राय गढ़ने की बात है, नीति कैसे बनाई जाती है। समिति की रिपोर्ट को टिप्पणियों के लिए जनता के सामने रखा गया था। क्या गढ़ा गया था? 14,000 टिप्पणियों में से आरोप है कि सात ईमेल गढ़े गए थे। मनीष सिसोदिया की जमानत में भी उन्होंने यही तर्क दिया है।

सीबीआई वकील ने कहा कि अगर कोर्ट पूछेगा तो पॉलिसी फॉर्म हुआ है, तो वही तर्क होगा। यह नहीं बदलेगा। उन्होंने कहा कि जमानत आदेश से पहले उसकी जमानत पर रोक लगाई जाती है और बाद में इसकी पुष्टि की जाती है। फिर मैंने गिरफ्तार किया। तो सवाल ही कहां उठता है कि मैंने उद्देश्य को विफल कर दिया? उसकी जमानत पर रोक लगने के बाद मैंने उसे गिरफ्तार किया।

## एस सोमनाथ बोले- उपग्रह प्रक्षेपण बाजार के लिए घरेलू मांग काफी नहीं

### निवेशकों को राजी करना बड़ी चुनौती

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख एस सोमनाथ ने बुधवार को कहा कि भारत में उपग्रह प्रक्षेपण बाजार (सेटेलाइट लॉन्च मार्केट) के लिए घरेलू मांग काफी नहीं है। उपग्रह प्रौद्योगिकी (सैटेलाइट टेक्नोलॉजी) के एप्लिकेशन पर और काम करके यह मांग पैदा की जा सकती है। सोमनाथ इंडिया स्पेस कांग्रेस-2024 को संबोधित कर रहे थे।



उन्होंने कहा कि बड़ी कंपनियां अंतरिक्ष क्षेत्र में आना चाहती हैं लेकिन वे ऑर्डर पाने की समयसीमा को लेकर चिंतित हैं। सोमनाथ ने कहा, जब मैं उन कंपनियों से बात करता हूं जो यहां आना चाहते हैं और सुविधाएं स्थापित करना चाहते हैं, तो वे सभी ऐसा करने के लिए तैयार रहते हैं। लेकिन वे पूछते हैं कि ऑर्डर कहां हैं, ताकि वे सुरक्षित रूप से इसमें निवेश कर सकें। मुझे लगता है कि ये एक बड़ा सवाल है।

अंतरिक्ष वैज्ञानिक ने कहा, बड़ी परियोजनाओं में बड़े पैमाने पर निवेश के लिए निवेशकों को राजी करना बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा, हमें और अधिक घरेलू मांग पैदा करने की जरूरत है। इसका मतलब है कि घरेलू मांग पर्याप्त नहीं है। हम इस दिशा में काम कर रहे हैं। मांग उपभोक्ता और संचार खंड से आएगी, जिसमें निश्चित तौर पर बड़े उपग्रह निर्माता शामिल हैं।

सोमनाथ कहा, हम ऑर्बिटल स्लॉट और फ्रीक्वेंसी को ढूंढना चाहते हैं, जिन्हें सैटेलाइट और लॉन्चर बनाने के लिए उद्योगों को दिया जा सकता है। यह आंतरिक मांग पैदा करने की दिशा में पहला कदम है। इनस्पेस ने पहले ही एक नया पृथ्वी अवलोकन समूह बनाने के लिए फंडिंग की घोषणा की है। यह घरेलू मांग पैदा करने की दिशा में एक और कदम है।

### एक नजर

## लोकसभा स्पीकर ने राहुल को नेता प्रतिपक्ष के तौर पर मान्यता दी



**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा का स्पीकर ओम बिरला को चुन लिया गया है। लोकसभा में ध्वनिमत से बिरला को लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष चुना गया। इस दौरान पीएम मोदी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी परंपरा के अनुसार आसन तक लेकर गए। ओम बिरला ने 18वीं लोकसभा के अपने पहले संबोधन में आपातकाल को याद किया। हंगामे के बाद कार्यवाही स्थगित कर दी गई। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, ओम बिरला लगातार दूसरी बार लोकसभा के स्पीकर चुने गए हैं। उनका पिछला कार्यकाल भी बहुत अच्छा रहा और सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चली। मुझे भरोसा है कि उनकी अध्यक्षता में लोकसभा अच्छे से चलेगा।

## एक्शन में सीएम योगी: 43 हजार करोड़ रुपये से बिजली विभाग के मॉर्डनाइजेशन की तैयारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की बिजली व्यवस्था को विस्तार देने और इसके मॉर्डनाइजेशन के लिए सरकार 43 हजार करोड़ रुपए से अधिक खर्च करने की तैयारी में है। इसके अंतर्गत मीटर से लेकर फीडर तक को अत्याधुनिक स्वरूप देने की कवायद की जाएगी। मुख्यमंत्री ने हाल ही में बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस संबंध में एक विस्तृत प्रेजेंटेशन का अवलोकन भी किया है। इसमें राज्य के सभी 5 डिस्कॉम के लिए अलग-अलग फंड आवंटन का प्रस्ताव है। सरकार सर्वाधिक 12 हजार करोड़ रुपए से अधिक का खर्च दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड पर करेगी। वहीं, इसके अलावा वाराणसी जिले के लिए अलग से 1309 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं शुरू हो चुकी हैं।



प्रदेश के सभी पांच डिस्काम की बात करें तो पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के लिए 8759.87 करोड़ रुपए से कायाकल्प की तैयारी है, इसके लिए यूपी डिस्कॉम की ओर से आरईसी में डीपीआर भी सबमिट किया जा चुका है। वहीं मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के लिए 10146 करोड़ रुपए, दक्षिणांचल के लिए 12300 करोड़ रुपए, पश्चिमांचल के लिए 10563 करोड़ रुपए और केस्को के लिए 1198 करोड़ रुपये सहित कुल 42968.55 करोड़ रुपए का प्रस्ताव है। यही नहीं इसके अलावा 29619 करोड़ रुपए से स्मार्ट मीटर के कार्य को भी तेजी से पूरा करने के निर्देश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दे चुके हैं। साथ ही पूर्वांचल, मध्यांचल और दक्षिणांचल डिस्कॉम के अंतर्गत ढाई लाख से अधिक घरों के विद्युतिकरण के लिए 917 करोड़ रुपए खर्च किये जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में बिजली व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए 1309 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किये जा रहे हैं।

## शिमला पहुंचीं प्रियंका गांधी, कर सकती हैं चुनाव प्रचार

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी बुधवार दोपहर बाद राजधानी शिमला पहुंचीं। शिमला से सटे छराबड़ा में प्रियंका गांधी का निजी आवास है। चंडीगढ़ से सड़क मार्ग से होते हुए प्रियंका शिमला पहुंचीं। आगामी दो-तीन दिन तक प्रियंका गांधी का शिमला में ही ठहरने का कार्यक्रम है।



संभावित है कि प्रियंका गांधी हिमाचल के तीन विधानसभा क्षेत्रों देहरा, नालागढ़ और हमीरपुर में होने वाले उपचुनाव के लिए प्रचार भी कर सकती हैं। कांग्रेस हाईकमान ने पार्टी के स्टार प्रचारकों की सूची में प्रियंका गांधी का नाम पहले नंबर पर रखा हुआ है। 2022 में हुए विधानसभा चुनाव और बीते दिनों हुए लोकसभा चुनाव के दौरान भी प्रियंका गांधी ने शिमला स्थित अपने घर से कांग्रेस पार्टी के प्रचार की कमान संभाली थी। पार्टी सूत्रों ने बताया कि शिमला प्रवास के दौरान प्रियंका गांधी उपचुनाव को लेकर कुछ नेताओं से फीडबैक लेंगी और आवश्यक दिशा निर्देश भी सरकार और संगठन को जारी करेंगी।

## प्रदेश के तीन नए शहरों में शुरू होगी हेलीकॉप्टर सेवा

**लखनऊ।** नगर निगमों की तर्ज पर अब नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों में स्वकर निर्धारण प्रणाली लागू होगी। यानि अब छोटे शहरों में भी गृहकर का वसूली अनिवार्य कर दी गई है। साथ ही शहरी सीमा में शामिल गांवों में पांच साल तक या विकास होने तक हाउस टैक्स नहीं लिया जाएगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली-2024 को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। यह व्यवस्था नगर विकास विभाग द्वारा अधिसूचना जारी होने की तिथि से प्रभावी होगी। नगर विकास विभाग के प्रस्ताव के मुताबिक इस कर प्रणाली के लागू होने के बाद नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों में रहने वाले लोग भी अपने घर का गृहकर खुद निर्धारित कर सकेंगे। अब तक यह कर प्रणाली सिर्फनगर निगम वाले शहरों में ही लागू थी। बता दें कि इस समय प्रदेश में कुल 762 निकाय हैं। इनमें 17 नगर निगम, 200 पालिका परिषद और 545 नगर पंचायतें हैं। नगर निगमों में अनिवार्य रूप से हाउस टैक्स वसूली के लिए तो नियमावली है, लेकिन नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों में इसके लिए कोई नियमावली नहीं थी।

## सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने की थी संभावना, घबराई भाजपा ने सीबीआई का लिया सहारा

**नई दिल्ली।** सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने बुधवार को आरोप लगाया कि पूरी व्यवस्था यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है कि उनके पति जेल से बाहर न आएं। उन्होंने कहा कि यह सब तानाशाही और आपातकाल के समान है। आप ने कहा कि जब केजरीवाल को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने की संभावना थी तो भाजपा घबरा गई और उन्हें फर्जी मामले में सीबीआई द्वारा गिरफ्तार करवा दिया गया। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को कथित उत्पाद शुल्क नीति घोटाले में केजरीवाल को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया और भ्रष्टाचार मामले में पांच दिन की हिरासत मांगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में सुनीता ने कहा कि उनके पति को 20 जून को उत्पाद शुल्क नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत मिल गई।

## राहुल गांधी बने नेता विपक्ष बोले- हम अपने संविधान की रक्षा करेंगे

**नई दिल्ली।** पिछले 10 सालों से बगैर नेता विपक्ष रहने के बाद आखिरकार 18वीं लोकसभा में निचले सदन को नेता विपक्ष मिला है। बता दें कि लोकसभा चुनाव में देश की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस ने अपने सांसद राहुल गांधी को विपक्ष का नेता चुना है। वहीं लोकसभा ने नेता विपक्ष के लिए राहुल गांधी की नियुक्ति पर कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- 18वीं लोकसभा में, जनता का सदन सही मायने में अंतिम व्यक्ति की आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करेगा, जिसमें राहुल गांधी उनकी आवाज बनेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में, मुझे विश्वास है कि देश के कोने-कोने में यात्रा करने वाला एक नेता लोगों की आवाज उठाएगा- खासकर वंचितों और गरीबों का।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की शुभकामनाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा - मैं कांग्रेस अध्यक्ष खरगे जी और कांग्रेस नेता के साथ-साथ पूरे देश में पार्टी के बब्बर शेर कार्यकर्ताओं के सहयोग और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद देता हूं। राहुल गांधी ने आगे लिखा - हम साथ में सभी भारतीयों की आवाज संसद में उठाएंगे, अपने संविधान की रक्षा करेंगे और एनडीए सरकार को उनके कार्यों के लिए जवाबदेह ठहराएंगे।

आपको बता दें कि पिछले 10 सालों से लोकसभा में कोई नेता विपक्ष नहीं था क्योंकि सत्ताधारी दल के अलावा और कोई भी राजनीतिक दल लोकसभा में विपक्ष के नेता का पद हासिल करने के लिए जरूरी सीट नहीं जीत सकी थी। हालिया लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी ने रायबरेली और वायनाड लोकसभा सीट से जीत हासिल की थी। वायनाड लोकसभा सीट पर राहुल गांधी ने सीपीआई पार्टी के उम्मीदवार एनी राजा को 3 लाख 64 हजार से ज्यादा वोट से हराया था। वहीं रायबरेली लोकसभा सीट पर उन्होंने भाजपा के उम्मीदवार दिनेश प्रताप सिंह को 3 लाख 90 हजार से ज्यादा वोट से मात दी थी।

फिलहाल राहुल गांधी ने वायनाड सीट से इस्तीफा देकर रायबरेली लोकसभा सीट से सांसद बने हुए हैं। जबकि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पिछले हफ्ते वायनाड लोकसभा सीट के उपचुनाव के लिए पार्टी की नेता प्रियंका गांधी को उम्मीदवार बनाया है। अगर प्रियंका गांधी वायनाड लोकसभा सीट का उपचुनाव जीत जाती है तो नेहरू-गांधी परिवार से कुल तीन सदस्य संसद में होंगे। अभी सोनिया गांधी राज्यसभा से सदस्य हैं, राहुल गांधी रायबरेली लोकसभा सीट से सांसद हैं।

बता दें कि लोकसभा सीटों की कुल संख्या के दसवें हिस्से से कम सीटें न रखने वाले सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता को विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता दी जाती है। वह लोक लेखा (अध्यक्ष), सार्वजनिक उपक्रम, अनुमान और कई संयुक्त संसदीय समितियों जैसी महत्वपूर्ण समितियों के सदस्य होते हैं। इसके साथ-साथ केंद्रीय सतर्कता आयोग, केंद्रीय सूचना आयोग, सीबीआई, एनएचआरसी और लोकपाल जैसे वैधानिक निकायों के प्रमुखों की नियुक्ति के लिए जिम्मेदार कई चयन समितियों का सदस्य होने का हकदार भी होते हैं।




## युवाओं को प्रदेश में जल्द ही निकलेंगी सरकारी नौकरियां

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**लखनऊ।** प्रदेश में युवाओं को अगले महीने रोजगार के काफी अवसर मिलेंगे। पिछले दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खाली पदों पर भर्ती की प्रक्रिया में गति लाने के निर्देश के बाद विभागों में काफी तेजी आई है। पिछले पंद्रह दिन में विभिन्न विभागों से समूह ग की भर्ती के लगभग 18० से अधिक अधियाचन अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को मिले हैं। इसके आधार पर वह 13 हजार से ज्यादा पदों पर भर्ती के लिए जल्द ही विज्ञापन जारी करेगा।



आयोग की ओर से अगले महीने जिन प्रमुख भर्तियों के लिए विज्ञापन जारी किया जाना है, उसमें एएनएम, लेखपाल, कनिष्ठ सहायक, आशुलिपिक, जेई भर्ती शामिल है। आयोग स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत एएनएम के 48०० से अधिक पदों, राजस्व विभाग के अंतर्गत लेखपाल के 47०० से अधिक पदों, राज्य कर, राजस्व परिषद आदि विभागों में कनिष्ठ सहायक के 11०० से अधिक पदों के विज्ञापन जारी करने की तैयारी में है। इसी तरह आवास विकास व अन्य विभागों में जेई इलेक्ट्रिकल व मैकेनिकल के 5०० से अधिक पदों पर, उद्योग व उद्यम प्रोत्साहन आदि के 3०० पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी है।

आयोग के अनुसार 1० जून से 25 जून के बीच विभागों ने 18० अलग-अलग भर्तियों के लिए अधियाचन भेजा है। यह लगभग 33०० से अधिक पदों के हैं। वहीं कुछ अन्य अधियाचन पर पहले से प्रक्रिया चल रही है। यह भी जल्द फाइनल हो जाएंगे। आयोग के सचिव अवनीश सक्सेना ने कहा कि विभागों के अधियाचन का परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

अधियाचन में अगर कोई कमी है तो उसे ठीक करने के लिए वापस किया जा रहा है। कई प्रमुख भर्तियों के लिए विज्ञापन लगभग अंतिम चरण में हैं। जुलाई में हम इनको जारी करेंगे। जैसे-जैसे विभागों से आवेदन मिल रहे हैं, हम उनकी प्रक्रिया पूरी कर आगे बढ़ा रहे हैं। हमारा प्रयास है कि जल्द से जल्द और ज्यादा से ज्यादा विभागों की भर्ती प्रक्रिया को समय से पूरा कराएं।

## डा. जीनत ने प्रयागराज में दिया व्याख्यान

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अजमल खान तिब्बिया कॉलेज के निसवान वा कबालत विभाग की डॉ. फहमीदा जीनत ने राजकीय यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय, प्रयागराज में वैज्ञानिक लेखन, प्रकाशन नैतिकता और अनुसंधान अखंडता पर व्याख्यान दिया। आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के तहत राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग द्वारा आयोजित कार्यशाला का उद्देश्य यूनानी, आयुर्वेद और सिद्ध शिक्षकों के बीच क्षमता निर्माण और उनके शोध और वैज्ञानिक प्रकाशन कौशल को बढ़ाना था। डॉ. जीनत ने यूनानी, आयुर्वेद और सिद्ध में केस रिपोर्ट और केस सीरीज और प्रकाशन नैतिकता, अनुसंधान अखंडता और वैज्ञानिक कदाचार पर ध्यान केंद्रित किया।

## नवागत एसडीएम का ग्राम प्रधानों ने किया स्वागत

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**हाथरस।** तहसील हाथरस के नवागत उप जिलाधिकारी नीरज शर्मा जी का ग्राम प्रधानों द्वारा पटका पहना कर बुके भेंट कर जोरदार स्वागत समारोह किया गया।



इसके साथ ही अखिल भारतीय पंचायत परिषद के जिलाध्यक्ष मनोज सिसोदिया द्वारा ग्राम पंचायतों में कार्य कराते समय प्रधानों के सामने आने वाली समस्याओं के बारे में अवगत कराते हुए आग्रह किया कि हमारे ग्राम प्रधानों की समस्याओं को सुना जाए और उन पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही की जानी चाहिए जिससे कि हमारे प्रधान साथियों को विकास कार्य कराने में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो पाए तत्पश्चात प्रधानों के साथ वार्ता कर उप जिलाधिकारी ने सभी प्रधानों की समस्याओं का तुरंत निराकरण करने का आश्वासन दिया। जिसमें अखिल भारतीय पंचायत परिषद के जिला अध्यक्ष मनोज सिसोदिया एडवोकेट प्रधान परसारा, विनीत राणा कटेलिया, मोतीराम प्रधान चंद्र गढ़ी, कृष्णा प्रधान कैलोरा, हरिश्चंद्र प्रधान दरकई, योगेश कुमार प्रधान कोटा आदि उपस्थित रहे।

## मैरिस रोड को मिलेगी जलभराव से मिलेगी निजात

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** दशकों पुरानी मैसिस रोड पर जल भराव की समस्या का स्थायी समाधान होने की किरण दिखाई देने लगी है महापौर प्रशान्त सिंघल और नगर आयुक्त अमित आसेरी ने दशकों पुरानी इस समस्या का हल निकलते हुए मैरिस रोड से केला नगर जीवन गढ़ होते हुए जाफ्री ड्रेन तक नाला निर्माण कार्य नगर निगम द्वारा जल्द शुरू किया जा रहा है।



लगभग 1.5 किलोमीटर नाला निर्माण के हो जाने से लगभग 55००० की आबादी और कई पार्षद वार्ड को जल भराव से निजात मिलने की संभावना है। बुधवार को नगर आयुक्त अमित आसेरी संग पार्षद मो० तारिक सद्दाम अशरवी यूनुस मो० जावेद नईम अहमद ने इस समस्या के निदान के लिए नाला निर्माण को शुरू करने से पहले केला नगर, जीवनगढ़, जाफ्री ड्रेन व क्वारसी नाला सफाई का निरीक्षण किया। निरीक्षण में नगर आयुक्त ने पार्षदों को पूर्ण आश्वस्त किया और कहा शहर को जल भराव से निजात दिलाने के लिए पब्लिक के साथ साथ पार्षदों के सहयोग की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है इस नाला निर्माण से कई पार्षद वार्ड में जल भराव की दशकों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा।

स्थानीय पार्षदों के अनुरोध पर नगर आयुक्त ने जीवनगढ़ में कचरे के निस्तारण व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए 1० टेम्पो टिपर अतिरिक्त लगाए जाने के निर्देश अर्बन कंपनी के प्लांट हेड एहसान सैफी को दिए और निर्देश दिए इन वार्ड में कचरा डोर टू डोर व्यवस्था से ही उठाया जाए। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त के साथ अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह मुख्य अभियंता सुरेश चंद महाप्रबंधक जल अनवर ख्वाजा मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह आदि मौजूद थे।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**हाथरस।** जिले में मुरसान कोतवाली क्षेत्र में पटा चौराहे पर एक ट्रैक्टर ने एक बाइक में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक सवार वृद्ध की मौके पर मौत हो गई। उसकी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घायल महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

आगरा के खंदौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पैंथखेड़ा निवासी 6० वर्षीय जगबीर सिंह पुत्र मानसिंह हलवाई गिरी का काम करता था। उसकी 28 वर्षीय बेटी रेनू पत्नी सुनील की ससुराल अलीगढ़ के इगलास कोतवाली क्षेत्र के गांव मई पूरवा में है। पिछले दिनों रेनू अपने मायके आई हुई थी। आज जगबीर अपनी बेटी रेनू और अपनी एक वर्षीय बेटी को बाइक से उसकी ससुराल छोड़ने जा रहा था।इसी दौरान हाथरस के मुरसान कोतवाली क्षेत्र में पटा चौराहे पर सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी।

## सब्जी विक्रेता से दबंगों ने की मारपीट, एसएसपी से की शिकायत

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** थाना क्वार्सी इलाके से मामला प्रकाश में आया है। सब्जी विक्रेता को दबंगों ने लाठी डंडों से जमकर मारपीट की फरियाद लेकर थाने गया कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता साजमा पत्नी जमात अली निवासी तरुण वेली के सामने रामघाट रोड ने आरोप लगाते हुए बताया काफी समय से मेरे पति सब्जी की दुकान लगाते चल आ रहे हैं।



पड़ोस के ही रहने वाले दबंग लोग जगह खाली करना चाह रहे है। विरोध करने पर एक दर्जन महिला और पुरुषों ने मेरे पति के साथ जमकर मारपीट कर घायल कर दिया चिल्लाने की आवाज सुनकर पीड़िता और उसका बेटा और नावालिक बेटी अपने पिता को बचाने गये तो उनके साथ भी उक्त आरोपी हमलावर हो गए और सबको लाठी डंडों से पीट-पीट कर घायल कर दिया। जिसमें पीड़िता के परिवार के गंभीर चोटें आई हैं। इसकी सूचना 112 नंबर पर पुलिस को दी मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई कार्रवाई न होने से दबंगों के हौसले बुलंद हैं।

पुलिस से साठ गांठ आरोपी कार्रवाई से बचना चाहते हैं और पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे है। थाना स्तर से करवाई न होते देख पीड़ित परिवार एसएसपी कार्यालय पहुंचा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की मांग की है। एसएसपी ने पीड़िता को कार्रवाई का भरोसा दिया है और थाना पुलिस को जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

## प्रेमी संग मिलकर पत्नी ने की पति हत्या

**मलिहाबाद।** क्षेत्र के कुशभरी गांव में बुधवार रात एक महिला ने अपने प्रेमी व उसके साथी के साथ मिलकर धारदार हथियार से पति की हत्या कर दी। वारदात के बाद वह खुद ही चीखने चिल्लाने लगी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब तफ्तीश की तो वारदात की साजिश का राजफाश हो गया। आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य दोनों आरोपियों की तलाश जारी है।

गांव निवासी प्रदीप कुमार कैटर्स का काम करते थे। वह जेहटा गांव के पास एक कैंटीन चलाते थे। बुधवार रात सोते वक्त प्रदीप की गला काटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने जब तहकीकात की तो पता चला कि प्रदीप की पत्नी रेखा का गांव निवासी राजू से प्रेम प्रसंग चल रहा है। रेखा ने ही राजू के साथ मिलकर पति की हत्या की साजिश रची। साजिश के तहत बुधवार रात करीब साढ़े 11 बजे राजू अपने साथी सोनू पाल के साथ उनके घर में दाखिल हुआ।

## दीवार गिरने से चार लोग घायल

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**हाथरस।** जंक्शन कोतवाली क्षेत्र के गांव केलोरा में एक प्लॉट की दीवार भरभरा कर गिर गई। इसके नीचे दबकर एक ही परिवार के चार सदस्य घायल हो गए। लोगों ने इन्हें जैसे-तैसे बाहर निकाला और उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।कोतवाली क्षेत्र के गांव केलोरा निवासी रघुनाथ सिंह (5०) का घर के बराबर में ही प्लॉट है और इसकी चाहरदीवारी भी बनी हुई है।



आज रघुनाथ की 9 साल की बेटी उषा और 1० साल की बेटी सुधा इस प्लाट में खेल रहे थे।

अचानक प्लाट की दीवार भरभराकर इनके ऊपर आ गिरी। इसके मलबे में दोनों बच्ची दब गईं। बच्चियों की हालत बनी गंभीर यह देखकर परिवार के अन्य लोग और ग्रामीण निकालने के लिए वहां पहुंचे। रघुनाथ और उनकी पत्नी गोलू देवी भी जब अपनी बच्चियों को निकाल रहे थे तो फिर दीवार का अन्य हिस्सा इनके ऊपर जा गिरा। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने इन चारों को मलबे से बाहर निकाला और उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। जिला अस्पताल में चारों का उपचार किया गया। यहां दोनों बच्चियों की हालत गंभीर बनी हुई थी।

## कूलर में करंट उतरने से युवक की मौत

**अलीगढ़।** खैर कोतवाली इलाके के गांव कीरतपुर में एक युवक की खरा कूलर सही करते समय और उसमें पानी डालते समय दर्दनांक मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और अंतिम परीक्षण हेतु पोस्टमार्टम ग्रह भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी बुधवार की सुबह कस्बा खैर के गांव गांव कीरतपुर 28 वर्षीय पुत्र सुरेन्द्र सिंह खराब कूलर को सही कर रहा था। जैसे ही उसने कूलर में पानी डाला कि अचानक बिजली आ गयी और तभी वह चिपक गया। परिजन जब तक कुछ समझपाते तब तक उसकी मौत हो गयी। घटना से आसपास के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई।

## डा. फायजा अब्बासी निशान-ए-उर्दू पुरस्कार से सम्मानित

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के यूजीसी मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम की निदेशक डॉ. फायजा अब्बासी को उत्तर प्रदेश सरकार के फखरुद्दीन अली अहमद स्मारक समिति द्वारा प्रतिष्ठित निशान-ए-उर्दू पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।




उन्हें यह पुरस्कार समारोह लखनऊ में राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन हिंदी संस्थान के प्रेमचंद सभागार में आयोजित समारोह के दौरान प्रदान किया गया। निशान-ए-उर्दू पुरस्कार उन हस्तियों को दिया जाता है। जिन्होंने भारत में उर्दू भाषा के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो और उन्हें उर्दू से न तो रोजगार मिला हो और न ही उन्होंने उर्दू माध्यम से पढ़ाई की हो। डॉ. फायजा अब्बासी को उर्दू भाषा में उनके योगदान के लिए चयनित किया गया, इस तथ्य के बावजूद कि उनके पास वन्यजीव विज्ञान में पीएचडी की डिग्री है और वह खलीक अहमद निजामी कुरानिक अध्ययन केंद्र, एएमयू में स्नातक छात्रों को शिया और सुन्नी धर्मशास्त्र और कुरानिक पर्यावरण नैतिकता की शिक्षा दे रही हैं, जो मुख्य रूप से मदरसों के छात्रों को उच्च शिक्षा प्रदान करता है। डॉ. अब्बासी ने शैक्षिक, वैज्ञानिक और साहित्यिक विषयों पर उर्दू में पांच पुस्तकों का लेखन, संपादन और अनुवाद किया है और नियमित रूप से तहजीब उल अखलाक और फिक्र-ओ-नजर सहित उर्दू पत्रिकाओं के लिए लिखती रही हैं।

वह जश्न-ए-रेख्ता की भी मेजबानी कर चुकी हैं और उन्होंने उर्दू साहित्यिक संध्याओं, स्वैच्छिक उर्दू भाषा कक्षाओं का आयोजन किया है और गैर-मुस्लिम उर्दू कवियों के योगदान पर व्याख्यान दिए हैं। उन्हें श्री एस एन लाल, संयोजक और जितेंद्र कुमार, भाषा के अतिरिक्त सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में श्री अब्बास अली मेहंदी, कुलपति, एरा विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा सम्मानित किया गया।

## गोलीकांड का एक और लाइव वीडियो आया सामने

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**बरेली।** जिले में पीलीभीत बाइपास पर प्लॉट पर कब्जे को लेकर प्रॉपर्टी डीलर राजीव राना और आदित्य उपाध्याय के गुटों में जमकर फायरिंग हुई थी। इस गोलीकांड के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। एक और वीडियो सामने आया है। जिसमें मार्बल कारोबारी आदित्य उपाध्याय अकेले गोली बरसता दिखाई दे रहा है।



गोलीबारी में आदित्य उपाध्याय ने अकेले ही फायरिंग की थी। उसका बेटा कार में बैठा थरथरा रहा था। कार के अंदर से बनाया गया पहला वीडियो अब वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि लड़कों की भीड़ प्लॉट के पास पेड़ के नीचे खड़ी है।

कुछ बदमाश प्लॉट में तोड़फोड़ कर रहे हैं। कई के मुंह पर कपड़ा बंधा है। पुलिस की बाइक भी खड़ी है, जिस पर दो सिपाही हैं। एक दरोगा स्कूटी पर बैठकर फोन पर बात कर रहा है। कार से बंदूक लेकर आदित्य उतरता है और पुलिसकर्मियों से कहता है कि यह क्या हो रहा है।

वह फायरिंग करते हुए प्लॉट की तरफ बढ़ता है। कई लड़के पथराव करने लगते हैं तो कुछ तमंचों से फायर करते हैं। अभिराज और एक अन्य युवक आदित्य से बार-बार कार में बैठने के लिए कहते हैं। अभिराज कहता है पापा गाड़ी में बैठ जाओ, उनके पास बहुत असलहे हैं। फिर गुस्से में अभिराज कार को भीड़ के ऊपर चढ़ाने की कोशिश करता है।

बरेली के पीलीभीत बाइपास के किनारे प्लॉट पर कब्जे को लेकर हुई फायरिंग के मामले में इज्जतनगर थाना पुलिस ने तीन और आरोपी गिरफ्तार कर लिए हैं। अब तक कुल 17 आरोपी जेल भेजे जा चुके हैं। इन तीनों को मिलाकर यह संख्या 2० हो जाएगी। मुख्य आरोपी राजीव राना, केपी यादव का सुराग नहीं लगा है। पुलिस की चार टीमों की धरपकड़ का सोमवार को नतीजा नहीं निकला था। मंगलवार को पुलिस ने भुता थाना क्षेत्र के म्यूडी खुर्द कलां निवासी मनोज कटियार, प्रेमनगर के नमन गोस्वामी और हर्ष शर्मा को गिरफ्तार किया है। तीनों राजीव राना गुट के हमलावर बताए जा रहे हैं।

इंस्पेक्टर राधेश्याम ने बताया कि पुलिस ने इनके कब्जे से एक-एक चाकू बरामद किया है। सभी पर पहले से भी मुकदमे दर्ज हैं। इधर, आदित्य उपाध्याय के सहयोगी अनुज मिश्रा को पुलिस ने दोपहर बाद कोर्ट परिसर के बाहरी हिस्से से पकड़ लिया। वह किसी तारीख के सिलसिले में यहां आया था और पुलिस के हाथ लग गया। हालांकि पुलिस ने अभी उसकी गिरफ्तारी नहीं दिखाई है।

## पार्टी कार्यालय पर हुआ बैठक का आयोजन

**अलीगढ़।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने पानदरीबा स्थित पार्टी कार्यालय में दिवस मनाया, सभा की अध्यक्षता डा, राज किशार उपाध्याय ने की तथा संचालन इकबाल मंद ने किया। हरबीर सिंह ने कहा कि नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस या विश्व नशीली दवा दिवस, हर साल 26 जून को मनाया जाता है, ताकि नशीली दवाओं के दुरुपयोग से मुक्त दुनिया के लक्ष्य को प्राप्त करने में कार्रवाई और सहयोग को मजबूत किया जा सके।

हम सब मिलकर विश्व की नशीली दवाओं की समस्या से निपट सकते मोहम्मद चमन, इकबाल मंद ने कहा कि नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस या विश्व नशीली दवा दिवस, हर साल 26 जून को मनाया जाता है। इस मौके पर हरीश चंद, रोशन लाल, राजकिशोर, सुनीत कुमार आदि मौजूद रहे।

## बच्चों संग आत्मदाह करने ऑफिस पहुंचा दंपति

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**करीमुद्दीनपुर।** थाना क्षेत्र क पट्टीदारों द्वारा जबरदस्ती घर का गंदा पानी आंगन से बहाने पर रोक लगाने की सुनवाई न होने पर पीड़ित दंपती ने बच्चों सहित बुधवार को एसपी कार्यालय के सामने पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। पुलिस कर्मियों ने सभी को अभिरक्षा में लेकर शरीर पर पड़े पेट्रोल से भीगे कपड़ों को हटवाया और एसपी कार्यालय में बैठाकर पूछताछ शुरू कर दी।



पीड़ित करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के कामुपुर मुबारकपुर निवासी अशोक यादव, पत्नी गीता यादव, पुत्र युवराज यादव, पुत्री रागिनी यादव और पुत्री वैष्णवी यादव ने बताया कि पड़ोसी एवं पट्टीदार दयाशंकर यादव, सुरेंद्र यादव व सुरेश यादव से पानी बहाने को लेकर विवाद है। पीड़ित अशोक यादव ने बताया कि दयाशंकर यादव और अन्य द्वारा अपने घर का गंदा पानी आंगन से जबरदस्ती बहाया जा रहा है। इसकी शिकायत समाधान दिवस पर की गई, लेकिन कोई राहत नहीं मिली है। पुलिस ने पड़ताल में पाया कि अशोक यादव के घर की नाली एवं दयाशंकर यादव आदि के घर की नाली एक साथ बह रही थी। दयाशंकर ने तीन मंजिला पक्का मकान बनाया गया, जिसमें घर के पीछे पुरानी नाली में घर का नाली खोला गया है।

अशोक यादव भी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपने घर का निर्माण कराए हैं। पूर्व में बह रही नाली वाले हिस्से को अपने आंगन में समाहित कर लिया गया है और आंगन से पानी न बहने की मांग की जा रही है, जिसमें सुनवाई न होने पर उक्त कदम उठाया गया।

# प्रवर्तन की कार्यवाही बढ़ाएं, ब्लैक स्पॉट्स पर करें सुधारात्मक कार्य

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी मनोज कुमार ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जनपद के ब्लैक स्पॉट्स पर प्रभावी सुधारात्मक कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने व प्रवर्तन की कार्यवाही बढ़ाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने नगर के निकास द्वारों पर सड़क सुरक्षा जागरूकता से संबंधित होर्डिंग लगाने के भी निर्देश दिए।



बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी मनोज कुमार ने फोर ई (इंजीनियरिंग, एजुकेशन, एनफोर्समेंट व इमरजेंसी) अर्थात इंजीनियरिंग, शिक्षा, प्रवर्तन और आपातकालीन देखभाल सेवाओं पर कार्रवाई करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि ओवरलोड वाहनों पर रोकथाम के लिए टास्क फोर्स का गठन कर प्रभावी कार्रवाई की जाए।

उन्होंने कहा कि जनपद में कोई भी गढ्डा असुरक्षित रूप से खुला हुआ ना हो, जिससे आमजन को परेशानी ना हो। उन्होंने दुर्घटना में घायल व्यक्ति को ठीक प्रकार से हैंडल करने के लिए ग्राम प्रधानों को दैवीय आपदा के प्रशिक्षण के दौरान ग्राम वासियों को इसकी भी जानकारी दी जाए तथा जागरूकता से संबंधित पंपलेट बनवाकर उसकी जनमानस में वितरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खनन वाहनों को पकड़ा जाए तथा कहीं अवैध वसूली की शिकायत हो तो उस पर प्रभावी कार्रवाई भी की जाए।

एआरटीओ प्रवर्तन अम्बरीश कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करने वाले नेक व्यक्ति (गुड सैमेरिटन) को सम्मानित व पुरस्कृत किए जाने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि घायल व्यक्ति को निकटतम किसी भी अस्पताल में पहुंचाया जाना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए, जिससे पीड़ित घायल व्यक्ति की जान बचाई जा सके। उन्होंने बताया कि जनपद बदायूं को वाहनों की गति को चेक करने के लिए इंटरसेप्टर मिल गया है जिसके सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं और चालान कर प्रभावी कार्यवाही भी की जा रही है। उन्होंने बताया कि जनपद बरेली से भी इंटरसेप्टर प्राप्त होता है। सचिव जिला सड़क सुरक्षा समिति/ अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग मनीष कुमार सिंह ने बताया कि जनपद में वर्ष 2022 में 11, वर्ष 2023 में 32 ब्लैक स्पॉट्स चिन्हित किए गए थे जिस पर प्रभावी कार्यवाही की गई तथा वर्ष 2024 में 41 ब्लैक स्पॉट्स चिन्हित किए गए। उन्होंने बताया कि 2024 के 41 ब्लैक स्पॉट्स में से 11 पर सुधारात्मक कार्य करा दिए गए हैं शेष प्रक्रियाधीन हैं। उन्होंने बताया कि सुधारात्मक कार्य में संकेतक लगाना, रिफ्लेक्टर लगाना, रंबल स्ट्रिप लगाना आदि कार्य कराए जाते हैं। इस अवसर पर समिति के सदस्य व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# एडीजे शिवकुमारी ने जिला कारागार का निरीक्षण कर सुनी बंदियो की समस्याएं

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ के शिव कुमारी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बदायूँ द्वारा जनपद के जिला कारागार बदायूँ का निरीक्षण किया गया, जिला कारागार बदायूं में पाठशाला एवं समस्त बैरिकों का निरीक्षण किया तथा निरन्तर स्वच्छता बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया।



उनके द्वारा जिला कारागार जिला कारागार बदायूँ में स्थित चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चिकित्साधिकारी, डॉ० गौरव सिंह चौहान, चिकित्साधिकारी, डॉ० सारिक हुसैन, ड्यूटी से नदारत पाये गये, जेल अधीक्षक से जानकारी करने पर बताया गया कि फार्मासिस्ट, श्री गोपाल सिंह छुट्टी पर गये हुये हैं। इसी क्रम में जिला कारागार में निरूद्ध बन्दियों की समस्याओं को सुना गया, उनके विधिक सहायता के बारे में पूछताछ किया गया तथा उनको विधिक सहायता हेतु जागरूक भी किया गया। इसी क्रम में नि:शुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने, जमानतदार उपलब्ध कराने, नियमित रूप से बन्दियों को दवा उपलब्ध कराने, महिला कैदियों से एक-एक कर पूछताछ की गयी इसी क्रम में महिला कैदियों के साथ रह रहे उनके छोटे बच्चों के लिए दूध की व्यवस्था कराने के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान कारागार में चीफ एलएडीसी ब्रहमानन्दन गौतम, डिप्टी चीफ एलएडीसी सत्यवीर सिंह, अस्टेटिंट एलएडीसी राकेश कुमार यादव, अस्टेटिंड एलएडीसी कशिश सक्सेना, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अधीक्षक जिला कारागार डॉ० विनय कुमार, कारापाल कुंवर रणंजय सिंह, उपकारापाल कमल चन्द, उपकारापाल मो० खालिद, प्रतिनियुक्ति फार्मासिस्ट, मुज्जम्मिल हुसैन उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### डीएम ने नौनिहालों को विटामिन ए की खुराक पिलाकर किया अभियान का शुभारंभ



**बदायूं।** जिलाधिकारी मनोज कुमार ने बुधवार को जिला महिला चिकित्सालय में 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों में विटामिन ए का सम्पूरण किए जाने के संबंध में प्रारंभ किए गए एक माह के कार्यक्रम अंतर्गत बूथ का उद्घाटन फीता काटकर व अभियान का शुभारंभ बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाकर किया। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी बच्चा विटामिन ए की खुराक से वंचित न रहे, यह उनके स्वास्थ्य के लिए अत्यधिक आवश्यक है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० अब्दुल सलाम ने बताया कि 09 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों में विटामिन ए के सम्पूरण किए जाने के संबंध में संचालित कार्यक्रम आगामी 25 जुलाई तक जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम प्रत्येक 6 माह में एक बार आयोजित किया जाता है तथा साल में दो बार आयोजित किया जाता है। उन्होंने बताया कि जनपद में इस बार 4,97,000 बच्चों को विटामिन ए की खुराक दी जाएगी। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ० असलम ने जानकारी देते बताया कि विटामिन ए बच्चों के शारीरिक विकास के लिए अत्यधिक आवश्यक होता है। विटामिन ए की खुराक मिल जाने से उनमें रतौंधी, कुपोषण नहीं होता है तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। उन्होंने बताया कि 09 माह से 01 साल तक के बच्चों को 1 मिलीलीटर तथा एक वर्ष से 5 वर्ष तक के बच्चों को 2 मिलीलीटर की खुराक दी जाती है। उन्होंने बताया कि जनपद के ऐसे 3500 स्थानों पर जहां एएनएम टीकाकरण करती हैं वहां सभी जगह पर बच्चों को यह खुराक पिलाई जाएगी साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रो पर भी पिलाई जाएगी। प्रत्येक बुधवार व शुक्रवार को यह खुराक पिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि बच्चा 05 वर्ष तक का होने पर 9 बार विटामिन ए की खुराक ले लेता हैं, जिससे उनमें रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी अन्य अधिकारी व स्टाफ मौजूद रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस का आयोजन



**बदायूं।** जेएस (पी.जी)कॉलेज बदायूं में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस के अंतर्गत युवाओं को नशे के प्रति जागरूक किया गया तथा नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने के लिए शपथ भी दिलवाई गई। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी छबिराम सिंह ने युवाओं को नशीली दवाओं जैसे सिगरेट, तंबाकू, हीरोइन, स्मैक आदि से दूर रहने के लिए कहा तथा इनसे होने वाली भयंकर बीमारियों जैसे कैंसर, चर्म रोग आदि के बारे में भी बताया। इस अवसर पर प्राचार्य राहुल कुमार, उत्पल मिश्रा, सुनील कुमार, सुधीर कुमार भास्कर, प्रेमपाल शर्मा, पुर्णिमा गौड़, अनिल कुमार, मख लूस अली खान, योगेंद्र कुमार, फिरदौस बी, रितु दीक्षित आदि स्टाफ उपस्थित रहा।

### बिसौली में स्विमिंग पूल को किया गया सील

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बिसौली।** नगर में बिल्सी मार्ग पर बुध बाजार स्थित स्विमिंग पूल को सुरक्षा मानकों का पालन न करने के कारण जिला क्रीड़ा अधिकारी ने नायब तहसीलदार सृजन यादव एवं क्राइम इंस्पेक्टर की मौजूदगी में सील कर दिया।

नगर के स्विमिंग पूल में एक किशोर के डूबने के कारण पेट में पानी भर गया और बेहोश हो गया था। इस मामले में जिला क्रीड़ाअधिकारी द्वारा जांच की गई थी। जांच में स्विमिंग पूल के संचालक के पास किसी भी संबंधित विभाग से एनओसी नहीं ली गई थी। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के उपकरण भी उपलब्ध नहीं निकले। जिला क्रीड़ा अधिकारी ने पवन चंद्र पुत्र रामनाथ द्वारा संचालित बिसौली बिल्सी मार्ग पर स्थित स्विमिंग पूल पर किसी भी विभाग की कोई एनओसी न होने एवं सुरक्षा मानकों का पालन न करने के कारण स्विमिंग पूल को नायब तहसीलदार सृजन यादव एवं क्राइम इंस्पेक्टर की मौजूदगी में सील कर दिया गया। क्रीड़ा अधिकारी अमित कुमार ने बताया जिन स्विमिंग पूल को नोटिस भेजे गए हैं या अवैध तरीके से संचालित किए जा रहे हैं उन स्विमिंग पूल को भी सील कर दिया जाएगा।

# सभासदों ने किया पालिका बोर्ड की बैठक का बहिष्कार

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** जनपद की नगर पालिका ककराला में 26 जून को बुलाई गई बोर्ड की मीटिंग में सभासदों ने भारी हंगामे के बाद मीटिंग का बहिष्कार कर दिया, जिससे पालिका प्रशासन में हड़कंप मच गया।



ककराला नगर पालिका बोर्ड की मीटिंग का बहिष्कार करने वाले सभासदों का आरोप है कि उनके वार्डों में विकास कार्यों को नजरअंदाज किया जा रहा है, इसलिए उन्होंने बोर्ड की पैनल का बहिष्कार कर विरोध दर्ज कराने का निर्णय लिया है। बहिष्कार करने में लगभग 19 सभासद पालिका परिसर में विरोध करते हुए नजर आये है।

विरोध करने बाले सभासदों ने यह भी आरोप लगाया है कि राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धन राशि से कराये गए कार्यों का विवरण नहीं दिया गया और ककराला में बिजली जाने के बाद पूरा कस्बा अँधेरे में डूब जाता है, जिसके लिए पालिका के अध्यक्ष एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने कोई ठोस कदम नही उठाया है। सभासदों ने आरोप लगाया है कि विकास कार्य के लिए कभी कहते है तो पालिका अध्यक्ष का यही ब्यान होता है कि पालिका के पास सरकार द्वारा विकास कार्य के लिए राशि प्राप्त नहीं हुयी है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सत्ताधारी जनप्रतिनिधि की पहल के बाद शासन स्तर से भी नगर पालिका ककराला के विकास कार्यों की जांच शुरू हो चुकी है।

# नशा विरोधी पखवाड़ा के समापन पर डीएम ने दिलाई शपथ

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** निदेशक, समाज कल्याण, उप्र. लखनऊ के निर्देश के क्रम में प्रदेश के सभी जनपदों में नशा विरोधी पखवाड़ा (12 से 26 जून, 2024) में आगामी कार्यक्रम के रूप में दिनांक-26 जून 2024 को मादक पदार्थों के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी से मुक्त अन्तर्राष्ट्रीय दिवस के रुप में बुधवार को अन्तर्राष्ट्रीय दिवस के रुप में आडीटोरियम, डायट ऑडिटोरियम में मनाया गया।



कायक्रम का शुभारम्भ केशव कुमार, मुख्य विकास अधिकारी, बदायूँ द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस अवसर पर डा. कप्तान सिंह सीएमएस जिला चिकित्सालय, बदायूँ, प्रो. मनवीर सिंह, एनएमएसएनदास डिग्री कालेज, बदायूँ, सर्वेश कुमारी मनोरोग काउन्सलर, जिला चिकित्सालय, बदायूँ, मो० इलियास काउन्सलर जिला चिकित्सालय, दुर्गेश कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी, अभय कुमार जिला प्रोबेशन अधिकारी, आदि मादक पदार्थों के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी से मुक्त अन्तर्राष्ट्रीय दिवस के विषय में कहानी, प्रसंगो, बिंबों के माध्यम से प्रकाश डाला। उक्त कार्यक्रम में विभिन्न स्कूल के छात्र/छात्राओं द्वारा नाट्य मंचन, कविता इत्यादि के माध्यम से प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का संयोजन श्रीराम जनम जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज कुमार जिलाधिकारी द्वारा की गयी। जिलाधिकारी द्वारा अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा गया कि नशा एक सामाजिक बुराई है, जिससे समग्र समाज प्रभावित है। सरकार द्वारा नशा उन्मूलन की दिशा में चरणबद्ध तरीके से प्रभावी प्रयास किया जा रहा है, किन्तु यह प्रयास समाज की जागरुकता के बिना फलीभूत नहीं हो सकता। नशा मुक्ति अभियान को सफल बनाने में युवाओं की महती भूमिका है। अत: युवाओं को संकल्प लेना चाहिए वह नशा से स्वयं तो दूर रहेंगे तथा अपने मित्र, समुदाय को भी नशा करने से रोकेंगे। कार्यक्रम के अन्त में डीएम द्वारा उपस्थित सभी प्रतिभागियों को शपथ/ प्रतिज्ञा दिलाई गयी।

# शुद्ध पेयजल व स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**वजीरगंज।** क्षेत्र के ग्राम उरैना में विधिवत और व्यवस्थित तरीके से सहयोगी संस्था एपिन्वेंटिव टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड नोएडा के द्वारा जल जीवन मिशन को सफल बनाने के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पेयजल राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। शुद्ध पेयजल के लिए पानी उबाल कर पीने, हैंडपंप के आस पास गंदगी न करने की बात कही। साथ ही प्रदूषित पानी के सेवन से होने वाले विभिन्न बीमारियों के बारे में जानकारी दी। खुले में शौच करने के बजाए शौचालय का प्रयोग और शौच के बाद साबुन से हाथ धोने के लिए प्रेरित किया।



गांव में रोगों से शरीर को सुरक्षित रखना है तो उसके लिए हमें अपने खानपान का विशेष ध्यान रखना होगा। जिसमें पीने के पानी की शुद्धता पर ध्यान रखना होगा क्योंकि विषैला पानी पीने से विभिन्न प्रकार की बीमारियां जन्म लेती हैं। गांव उरैना में पहुंचकर लोगों को स्वच्छ जल एवं स्वच्छता को लेकर जागरूक किया। इस दौरान नुक्कड नाटक के माध्यम से अशुद्ध जल को शुद्ध करके कैसे पीये एवं पड़ोस व गांव को स्वच्छ कैसे रखे। खुलें में शौच करने से बचे और शौचालय का प्रयोग जरूर करे आदि विषयों पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीणो को जागरूक किया। गांव गांव जाकर लोगों को शुद्ध जल के लिए जागरूक करना, शौचालय के प्रयोग के लिए प्रेरित करना साथ ही उसका फायदा नुकसान ग्रामीण लोगों को बताना।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को साफ-सफाई के लिए जागरूक करना ही हमारी टीम का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि हमारी टीम गांव गांव जाकर कुएं, हैण्डपाइप व अन्य स्त्रोतों से पानी का सैंपल एकत्रित करती है और जांच कराकर ग्राम प्रधान को अवगत कराते है ताकि कमियों को सुधार कर लोगों को बीमारियों से बचाया जा सके। इस दौरान भारी संख्या में ग्रामीण ग्राम प्रधान नुक्कड़ नाटक की टीम मौजूद रही।

# राजकीय महाविद्यालय में 311 विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में एमए और एमकॉम के कुल 311 छात्र छात्राओं को समारोह आयोजित कर टैबलेट वितरित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता रहे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता तथा संचालन राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने किया।



उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद युवा तकनीकी सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय में सत्र 2022 - 23 में एमए और एमकॉम परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके तथा वर्तमान सत्र में अंतिम वर्ष के चतुर्थ सेमेस्टर परास्नातक छात्र छात्राओं को निशुल्क टैबलेट प्रदान करने के बाद मुख्य अतिथि महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को अथाह ज्ञान के सागर से जोड़कर भारत को विश्व गुरु बनाना चाहती है। उन्होंने कहा कि मनुष्य की सोच आवाज में बदलती है, और वह आवाज पूरे ब्रह्मांड में विद्यमान रहता है।अच्छी सोच से व्यक्ति अच्छा कार्य कर स्वयं का विकास करते हुए राष्ट्र का विकास करता है। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्या डॉ श्रद्धा गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थी टैबलेट का उपयोग अपने कैरियर को उच्चतम स्तर पर ले जाने के लिए करें तथा इसका दुरुपयोग ना होने पाए इसका ध्यान रखें।

# आईरा ने बगरैन में समाजसेवा के लिए 31 समाजसेवियों को कराया सम्मानित

## जल ही जीवन है जल संरक्षण करना जरूरी: मनोज शर्मा

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बगरैन।** कस्बा के मैन चौराहे आंवला रोड आईरा कैम्प कार्यालय पर जल संरक्षण गोष्ठी कर समाज मे अहम योगदान देने वाले 31 समाजसेवियों को मुख्य अतिथियो द्वारा सम्मानित कराया गया, जिससे समाजसेवियों के हौसलों को पंख लग गये है।



विदित रहे कि 26 मई से 26 जून तक एक महीना भीषण गर्मी मे राहगीरों एवं आम लोगों को कस्बा के व्यापारियों ने आईरा कार्यालय आंवला रोड पर नि: शुल्क जल सेवा शिविर लगा कर प्रतिदिन सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक ठंडा जल पिलाया गया था, शिविर मे जल सहयोग के लिए बगरैन मीडिया जनप्रतिनिधि तथा समाजसेवियो ने सहयोग किया जिनका हौसला वढाने तथा नि:स्वार्थ समाजसेवा करने ने लिए सम्मान समारोह कार्यक्रम भाजपा मंडल अध्यक्ष रितेश चौहान मुख्य अतिथि पूर्व विधायक कुसाग्र सागर के प्रतिनिधि मनोज शर्मा मुख्य अतिथि आर्येन्द्र चौहान (महंत जी के बडे भाई) व्यवस्थापक मनौना धाम के द्वारा माला पहनाकर तथा अंग वस्त्र पहना कर स्वागत किया।

मुख्य अतिथि पूर्व विधायक कुसाग्र के प्रतिनिधि मनोज शर्मा ने कहा कि सभी लोगों के अपने जीवन मे समाजसेवा करनी चाहिए जो लोग समाज सेवा मे अपना योगदान देते है समाज के लिए अच्छा कार्य करते है उनका साथ देना चाहिए हौसला बढाना चाहिए एवं हमे जीने के लिए जल ही जीवन है इसे संरक्षण करना बहुत जरूरी है।

विशिष्ठ अतिथि व्यवस्थापक मनौना धाम आर्येन्द्र चौहान ने कहा कि समाज सेवा करना बहुत बडा पुण्य का काम है हर व्यक्ति आज के दौर मे अपने लिए कार्य करता है जो दूसरे लोगो के लिए समाजसेवी, समाज के लिए, धर्म के लिए देश के लिए कार्य करते वो बधाई के पात्र है, सभी को उनका सम्मान करना चाहिए। राजेश शर्मा ने कहा कि समाजसेवा एक पुण्य का कार्य है सभी लोगो को समाजाजिक कार्यो मे सहभागिता करनी चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा मंडल अध्यक्ष रितेश चौहान ने कहा कि कल युग मे नर सेवा ही नारायण सेवा है बगरैन आईरा टीम तथा समाज सेवियों ने एक महीना तक लगातार नि: शुल्क जल सेवा शिविर लगा कर बहुत अच्छा कार्य किया है। सभी लोग सम्मान तथा बधाई के पात्र है जल संरक्षण के बारे मे कहा कि 2022 की एक रिपोर्ट के अनुसार 2 अरब लोगों को पीने के लिए साफ पानी नही मिलता है 3 प्रतिशत भू भाग पर ही पीने योग पानी है जिसे संरक्षण करना जरूरी है पानी को व्यर्थ न बहने दे, हम सव मिलकर इसका संरक्षण करे। इसी दौरान मुख्य अतिथियों द्वारा अम्बुज, सुमन, निखिल सिंह, राशिद खान, धीरेश सिंह, दीपक, प्रिंस देव शर्मा, चन्दपाल हलवाई, सुमित कुमार, अवधेश प्रदान, महेश गुप्ता, अनिल शर्मा, चौकी प्रभारी बगरैन सुपेन्द्र मलिक, अखिलेश मिश्रा, विपिन गुप्ता, आकाश गुप्ता, सोमेश मिश्रा, उमेश भारती, रोहित चौहान, हिलाल बदायूंनी, अखिलेश चौहान, योगेन्द्र कठेरिया, डा सोमेन्द्र, विकास गुप्ता, सुनील सर्राफ, अनमोल पाल, मुक दिश, मधु सूदन सिंह, विपिन, जमुना, राहूल, बिजेन्द्र मौर्या, पूर्व चेयरमैन विकार अहमद, नवनीत सुमन को समाजसेवा के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक एवं संचालक आईरा जिलाध्यक्ष ठा वेदपाल सिंह ने सभी अतिथियो को बैच लगाकर एवं माला पहना कर अंग वस्त्र एवं पेन डायरी देकर सम्मानित किया तथा अतिथियो तथा समाजसेवियो का आभार व्यक्त किया। इस दौरान राजेश शर्मा, जितेन्द्र, रवि लाल सिंह, मोहित कुमार, माजिद खान, मिथुन सक्सैना, सर्वेश गुप्ता, प्रदीप चौहान, अनेकपाल सिंह, राजीव पाराशरी आदि मौजूद रहे।

## संपादकीय

# श्रम कानून में सुधार



देश में श्रम संबंधों का संचालन करने वाले 40 केंद्रीय और 100 राज्यस्तरीय कानून मौजूद हैं जो औद्योगिक विवादों के निस्तारण, कार्य परिस्थितियों, सामाजिक सुरक्षा और वेतन भत्तों जैसे विभिन्न मामलों से संबंधित हैं। बीते वर्षों के दौरान देश में श्रम कानूनों की बहुलता, पुरातन प्रावधानों, परिभाषाओं की अनिश्चितता और अस्पष्टता के कारण इनका अनुपालन कठिन हो गया। दरों की बहुलता के अलावा श्रम कानूनों की जटिलता भी देश की औद्योगिक वृद्धि को प्रभाावित कर रही थी। इस मसले को हल करने के लिए सरकार ने साहसी कदम उठाते हुए श्रम कानूनों को सरलीकृत करते हुए चार व्यापक श्रम संहिताओं में शामिल करने का प्रावधान किया। मौजूदा 44 केंद्रीय कानूनों और 29 केंद्रीय श्रम कानूनों को समेकित करके चार श्रम संहिताओं में शामिल किया गया- वेतन संहिता (2019), सामाजिक सुरक्षा संहिता (2020), औद्योगिक संबंध संहिता (2020) और व्यावसायिक, सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य परिस्थिति संहिता (2020)। इन श्रम संहिताओं को संसद के दोनों सदनों की मंजूरी मिली और राष्ट्रपति ने भी उन्हें स्वीकृति प्रदान की। चारों श्रम संहिताओं पर मसौदा केंद्रीय नियम केंद्र सरकार द्वारा पूर्व प्रकाशित किए गए। चार वर्ष बाद उनके अनुमानित लाभ अभी भी हासिल होने बाकी हैं क्योंकि इनका क्रियान्वयन नहीं हो पाया। इस संदर्भ में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने राज्य सरकारों के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित करने की योजना की घोषणा की है ताकि उन्हें श्रम संहिताओं से परिचित कराया जा सके। इस पहल का स्वागत किया जाना चाहिए क्योंकि इन संहिताओं में कारोबारी सुगमता बढ़ाने और औपचारिक रोजगार निर्माण करने की पूरी संभावना है। ये संहिताएं कई अहम बदलाव लाएंगी जिसमें मौजूदा 100 के बजाय 300 कर्मचारियों वाले औद्योगिक प्रतिष्ठानों में कर्मचारियों की छंटनी की सीमा बढ़ाने जैसी बातें शामिल हैं।

नियोक्ताओं के लिए इस प्रकार लचीलापन बढ़ाने से और अधिक निवेश आएगा क्योंकि तब कंपनियां अपनी श्रम शक्ति को कारोबार की जरूरत के हिसाब से घटा-बढ़ा सकेंगी और उन्हें किसी नियामकीय बाधा का सामना नहीं करना होगा। कामगारों के हड़ताल करने के अधिकार को लेकर भी बदलाव किए गए हैं। इसके अलावा सामाजिक सुरक्षा के लाभ को बढ़ाकर श्रमिकों के एक बड़े हिस्से तक कर दिया गया है। इसके कारण परिचालन लागत में इजाफा हो सकता है लेकिन इससे श्रम शक्ति अधिक सुरक्षित और प्रेरित महसूस करेगी। इससे उत्पादक में भी इजाफा देखने को मिलेगा। श्रम समवर्ती सूची का विषय है जिस पर संसद और विधानसभाएं दोनों कानून बना सकती हैं। क्रियान्वयन में अवश्य देरी होती रही है क्योंकि कुछ राज्यों को अभी भी इन संहिताओं के अधीन नियम तय करने हैं। वीवी गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान के मुताबिक 24 राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों ने इन चारों संहिताओं के अधीन नियम बना लिए हैं। पश्चिम बंगाल, मेघालय, नगालैंड, लक्षद्वीप और दादरा एवं नागर हवेली को अभी नियम बनाने हैं। स्पष्ट है कि केंद्र सरकार संहिताओं को तभी लागू करना चाहती है जब सभी राज्य एकमत हों। ऐसा इसलिए कि क्रियान्वयन के बाद कानूनी दिक्कतों से बचा जा सके। इसके अलावा कुछ राज्यों में जहां मसौदा नियम बन चुके हैं वहां राज्यों की संहिताएं केंद्र की संहिताओं से अलग हैं। इससे क्रियान्वयन में दिक्कत आएगी। केंद्र ने राज्य सरकारों के अधिकारियों को श्रम संहिताओं के बारे में संवेदी बनाने काम शुरू करके अच्छा किया है। उसे मतभेदों को दूर करने पर काम करना चाहिए। भारत को कारोबारी सुगमता सुधारने, विनिर्माण आधार बढ़ाने और बाहरी प्रतिस्पर्धा में बेहतरी के लिए आधुनिक श्रम कानूनों की आवश्यकता है। इससे बहुप्रतीक्षित रोजगार तैयार होंगे और अर्थव्यवस्था की दीर्घकालिक वृद्धि संभावनाओं में सुधार होगा।


**अमर भास्कर**

(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- संरक्षक : सुरेश प्रसाद शर्मा
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव


हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें वैल आइकॉन दबाना न भूलें।
**-सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर***

अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-


**अमर भास्कर कार्यालय**
**निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं (उ.प्र.)।**
**पिन कोड-243601**
*Email- amarbhashkar21@gmail.com*
*Whatsapp. No. 9411214614*


# आगे भी नौकरी में कटौती प्लान! लुढ़के शेयर




भारत के टॉप 10 प्राइवेट बैंकों में से एक- येस बैंक ने अपने सैकड़ों कर्मचारियों की छंटनी कर दी है। बैंक अपने बिजनेस को रीस्ट्रक्चर कर रहा है, जिसके चलते कई कर्मचारियों को अपनी नौकरी गंवानी पड़ी है। बैंक की तरफ से छंटनी की यह खबर ऐसे समय आई है जब हाल ही में इसने शेयर बाजार को बताया था कि वह डेट सिक्योरिटी के जरिये फंड जुटाने का ऐलान किया है।

इकनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, येस बैंक ने रीस्ट्रक्चरिंग एक्सरसाइज के साथ कम से कम 500 कर्मचारियों की छंटनी कर दी है। रिपोर्ट में बताया गया कि आने वाले समय में और भी छंटनी की आशंका है। येस बैंक की तरफ से यह छंटनी कई विभागों में की गई है। छंटनी का सबसे ज्यादा असर ब्रांच बैंकिंग सेगमेंट में देखने को मिला। अन्य विभागों की बात की जाए तो रिटेल, होलसेल जैसे कई वर्टिकल्स में बैंक की छंटनी का असर दिखा है। कंपनी ने कहा कि वह कस्टमर्स पर फोकस रहने, ऑपरेशन को कुशल बनाने के लिए समय-समय पर रिव्यू करती रहती है। रिपोर्ट में बताया गया कि नौकरी से निकाले गए कर्मचारियों को तीन महीने की सैलरी दी गई है।

बता दें कि अलग-अलग कंपनियों का अलग-अलग नियम होता है। सामान्य तौर पर अगर कोई कंपनी किसी कर्मचारी को निकालती है तो उसे तीन महीने का वेतन एडवांस में देती है। माना जा रहा है कि येस बैंक डिजिटल बैंकिंग की ओर बढ़ रहा है और कर्मचारियों की संख्या में कटौती करके लागत में कटौती करना चाहता है। एक्सचेंजों को दी गई फाइनेंशियल ईयर के परफॉर्मेंस की जानकारी में बैंक ने बताया था कि वित्त के दौरान उसके लिए कर्मचारियों का खर्च 12 फीसदी से ज्यादा बढ़ गया। वित्त वर्ष 2023 के अंत में खर्च 3,363 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 24 के अंत में 3,774 करोड़ रुपये हो गया था। दौरान येस बैंक का नेट मुनाफा 74.4: बढ़कर 1,251 करोड़ रुपये हो गया था। येस बैंक की शेयर प्राइस में आज गिरावट देखने को मिली। बैंक के शेयर सुबह 9:25 बजे 0.21 की गिरावट के साथ 23.97 पर ट्रेड करते देखे गए। पिछले कारोबारी दिन बैंक के शेयर 24.02 पर क्लोज हुए थे, जबकि आज 24.03 पर ओपन हुए। येस बैंक के शेयरों ने 1 साल में करीब 49 फीसदी का रिटर्न दिया है।

# सरकार को मिल सकती है आपके मैसेज रोकने की शक्ति



दूरसंचार अधिनियम के कुछ हिस्से बुधवार से प्रभावी हो जाएंगे। इसी के साथ सरकार किसी भी व्यक्ति के मेसेज को रोक सकती है। यही नहीं सरकार आपात स्थिति या नागरिक सुरक्षा के मद्देनजर अस्थायी तौर पर दूरसंचार नेटवर्क का संचालन अपने हाथ में ले सकती है।

नए नियमों में सिम के मालिकाना हक पर जुर्माने का प्रावधान भी लागू होगा, लेकिन सैटेलाइट स्पेक्ट्रम आवंटन, टेली कंपनियों द्वारा उपभोक्ताओं की बायोमेट्रिक पहचान एवं विवादों का शीघ्र निपटारा जैसे बहुप्रतीक्षित प्रावधान बाद में लागू किए जाएंगे। पिछले साल दिसंबर में संसद में पास किए गए अधिनियम की धाराएं 1, 2, 10 से 30, 42 से 44, 46, 47, 50 से 58, 61 और 62 बुधवार से लागू हो जाएंगी। इनमें धारा 20(2) सरकार को इस बात की इजाजत देती है कि वह आपात स्थिति या जनहित में किसी भी मैसेज को बाधित कर सकती है। इसी धारा में यह भी प्रावधान है कि केंद्र या राज्य सरकार दूरसंचार सेवाओं या नेटवर्क को अपने हाथ में ले सकती है। अब वाट्सऐप, सिग्नल और टेलीग्राम के मैसेज भी सरकार की नजर में होंगे।

## खेल-खिलाड़ी

# सेमीफाइनल में जायसवाल को मिलेगा मौका, भारत के पास इंग्लैंड से बदला लेने का मौका




**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज और अमेरिका की सह-मेजबानी में जारी टी20 विश्व कप 2024 अब अपने चरम की तरफ बढ़ रहा है। सुपर-8 के मुकाबले खत्म हो चुके हैं और अब 27 जून को सेमीफाइनल के मैच खेले जाएंगे। पहला मुकाबला अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे से खेला जाएगा। वहीं, दूसरा मैच रात आठ बजे भारत और इंग्लैंड के बीच प्रोविडेंस में खेला जाएगा। इस मुकाबले में भारतीय टीम के पास इंग्लैंड से बदला लेने का सुनहरा मौका है। टी20 विश्व कप 2022 में इंग्लैंड ने भारत को सेमीफाइनल में 10 विकेट से हराया था। इंग्लैंड ने जोस बटलर और एलेक्स हेल्स की अगुवाई में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को करारी शिकस्त दी थी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 169 रनों का लक्ष्य तैयार किया था जिसे इंग्लैंड ने 16 ओवर में हासिल कर लिया था। मौजूदा टूर्नामेंट में भारतीय टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

भारतीय टीम टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन कर रही है और उसने ऑस्ट्रेलिया को हराकर सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। भारत इस टूर्नामेंट में अब तक अजेय चल रही है और उसने ग्रुप चरण के बाद सुपर आठ में भी शीर्ष पर रहकर इस चरण का समापन किया। दूसरी तरफ, इंग्लैंड ने अमेरिका को हराकर सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई किया था। इससे पहले भी 2022 में दोनों टीमों का सामना अंतिम चार में हुआ था जहां इंग्लैंड की टीम जीत दर्ज करने में सफल रही थी। नॉकआउट मैच में भारतीय टीम एक बार फिर रोहित शर्मा की अगुवाई में जोस बटलर की सेना का सामना करती नजर आएगी। टी20 क्रिकेट में दोनों टीमों के बीच 23 बार भिड़ंत हुई है जिसमें भारत का पलड़ा भारी है। टीम इंडिया को 12 मैचों में जीत मिली है जबकि इंग्लैंड ने 11 मुकाबलों में जीत का स्वाद चखा है। वहीं, टी20 विश्व कप के इतिहास में इंग्लैंड का भारत से चार बार आमना-सामना हुआ है। दोनों ही टीमों ने दो-दो मैच जीते हैं।

इस मुकाबले में भारत को एक बार फिर रोहित शर्मा से दमदार प्रदर्शन की उम्मीद है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनका बल्ला जमकर गरजा था। उन्होंने 92 रनों की तूफानी पारी खेलकर स्टार्क और पैट कमिंस की धज्जियां उड़ा दी थीं। आगामी मुकाबले में भी उनसे इस तरह के प्रदर्शन की उम्मीद है। रोहित का साथ विराट कोहली देते हुए नजर आएंगे। हालांकि, स्टार बल्लेबाज की फॉर्म चिंता का विषय है। मौजूदा टूर्नामेंट में अब तक वह सिर्फ 66 रन बना पाए हैं। इस स्थिति में एक बार फिर यशस्वी जायसवाल को बाहर बैठना पड़ सकता है। उन्हें अब तक प्लेइंग 11 का हिस्सा नहीं बनाया गया है।

तीसरे नंबर पर विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत उतरेंगे। पिछले छह मैचों में उन्होंने 132.53 के स्ट्राइक रेट से 167 रन बनाए हैं। चौथे नंबर पर सूर्यकुमार यादव बल्लेबाजी करते नजर आएंगे। मौजूदा टूर्नामेंट में उन्होंने दो अर्धशतकों की मदद से 149 रन बनाए हैं। आगामी मैच में वह भारत के लिए सबसे बड़ी उम्मीद होंगे। पांचवें नंबर पर शिवम दुबे उतरेंगे। इस स्थिति में संजू सैमसन को बाहर बैठना पड़ सकता है। वहीं, उपकप्तान हार्दिक पांड्या एक बार फिर जलवा बिखेरते दिखेंगे। टी20 विश्व कप में वह गेंद और बल्ले से चमके हैं। स्पिन विभाग में रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव का होना तय है। तीनों ही गेंदबाजों ने अपनी घातक गेंदबाजी से वेस्टइंडीज कि पिचों पर खास प्रभाव छोड़ा है।

# भारत-इंग्लैंड मैच में हुई बारिश तो किसे होगा फायदा




**नई दिल्ली।** भारत सेमीफाइनल में इंग्लैंड से भिड़ने के लिए तैयार है। दोनों टीमें सेमीफाइनल में एक बार फिर आमने-सामने होंगी। भारतीय टीम अब तक टी20 विश्व कप 2024 में अजेय रही है। वहीं, इंग्लैंड को ग्रुप स्टेज पर और सुपर-8 में एक-एक मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा है। रोहित शर्मा की सेना ने ऑस्ट्रेलिया को 24 रनों से हराकर सेमीफाइनल में जगह हासिल की है जबकि इंग्लैंड ने अमेरिका को 10 विकेट से हराया है।

सेमीफाइनल का दूसरा मुकाबला भारतीय समयानुसार रात आठ बजे से गयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच में भारत की नजर इंग्लैंड से पिछली हार का बदला लेने पर होगी। दरअसल, टी20 विश्व कप 2022 में इंग्लिश टीम ने भारत को सेमीफाइनल में 10 विकेट से हराकर उन्हें फाइनल की दौड़ से बाहर कर दिया था। अब रोहित शर्मा एंड कंपनी अपनी पिछली गलतियों से सबक लेते हुए इंग्लैंड को हराना चाहेगी।

भारत बनाम इंग्लैंड मैच पर बारिश का साया मंडरा रहा है। मौसम रिपोर्ट के अनुसार, गयाना में सुबह 70 प्रतिशत बारिश की संभावना है। वहीं, तापमान 31 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। इस मुकाबले की विजेता टीम फाइनल में प्रवेश कर लेगी। हालांकि, मैच के दिन बारिश और आंधी-तूफान की संभावना जताई गई है। ऐसे में यह मुकाबला की बारिश की भेंट चढ़ सकता है।

अगर बारिश के कारण टी20 विश्व कप 2024 में भारत बनाम इंग्लैंड का दूसरा सेमीफाइनल मैच धुल जाता है तो भारतीय टीम को फायदा होगा। दरअसल, भारत ने ग्रुप स्टेज और सुपर-8 में अपने सभी मैच जीते हैं। सुपर-8 में भारत ने अपने तीनों मैचों में जीत दर्ज की है। उनके खाते में छह अंक हैं जबकि इंग्लैंड के खाते में चार अंक हैं। इस आधार पर भारत फाइनल के लिए आसानी से क्वालिफाई कर लेगी।

यह मैच गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में खेला जाएगा, जिसे कम स्कोर वाला और स्पिन के अनुकूल मैदान माना जाता है। यह तेज गेंदबाजों से ज्यादा स्पिनरों के लिए मददगार रहता है और बल्लेबाजों को ज्यादा रन बनाने में काफी संघर्ष करना पड़ा।

नॉकआउट मैच में भारतीय टीम एक बार फिर रोहित शर्मा की अगुवाई में जोस बटलर की सेना का सामना करती नजर आएगी। टी20 क्रिकेट में दोनों टीमों के बीच 23 बार भिड़ंत हुई है जिसमें भारत का पलड़ा भारी है। टीम इंडिया को 12 मैचों में जीत मिली है जबकि इंग्लैंड ने 11 मुकाबलों में जीत का स्वाद चखा है। वहीं, टी20 विश्व कप के इतिहास में इंग्लैंड का भारत से चार बार आमना-सामना हुआ है। दोनों ही टीमों ने दो-दो मैच जीते हैं।

# आशीष के व्यवहार में आए बदलाव को कोई भी नहीं भांप पाया, पंखे पर लटका मिला था शव




**उधम सिंह नगर।** पंतनगर एयरपोर्ट के सरकारी आवास में संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटके मिले एटीसी इंचार्ज आशीष चौसाली की मौत पर परिजनों के साथ ही सहकर्मी भी सकते में हैं। एक हंसमुख इंसान का असमय चले जाने के पीछे की वजह साफ नहीं हो सकी है। मंगलवार सुबह परिजन आशीष का भांजा आकाश और फुफेरा भाई रवि शव को पिथौरागढ़ ले गए, जहां गमगीन माहौल में उनकी अंत्येष्टि कर दी गई। इधर एयरपोर्ट में सभी कर्मियों ने आशीष को श्रद्धांजलि देने के साथ ही दो मिनट का मौन रखा।

पिथौरागढ़ निवासी आशीष चौसाली (35) मृदुभाषी और मिलनसार व्यक्ति थे। उनका व्यवहार बिल्कुल सामान्य रहता था। एयरपोर्ट परिसर के सरकारी आवास में रह रहे आशीष के साथ उनका भांजा आकाश भी रहता था। पहले आकाश और आशीष एक ही कमरे में साथ सोते थे। आवास का केवल मुख्य द्वार ही बंद करते थे और कमरों के दरवाजे खुले रहते थे। सूत्रों के अनुसार करीब छह माह पहले आशीष के व्यवहार में बदलाव आने लगा और उन्होंने आकाश को अलग कमरे में सोने की हिदायत दी थी। पहले तो आशीष अपना कमरा खुला रखते थे, फिर उन्होंने अंदर से बंद करना शुरू कर दिया।

आकाश के इस बदलाव का कारण पूछने पर आशीष ने हंस कर टाल दिया था। सोमवार को भी उनका कमरा अंदर से बंद था और दरवाजा तोड़कर उनके शव को बाहर निकाला गया। सभी को यह जानने की उत्सुकता है कि आखिर आशीष ने किन परिस्थितियों में यह कदम उठाया था। उन्होंने महिला के मेकअप क्यों किया था। आशीष किसी साजिश के शिकार हो गए थे या फिर वजह कुछ और थी। हालांकि पुलिस अभी इस मामले में जांच कर रही है। आशीष की पड़ोसी सहकर्मियों से परिसर में लगे पेड़ों से सोमवार सुबह आम तोड़ने की बात तय हुई थी। इसके तहत सभी सहकर्मी सोमवार सुबह आशीष के आवास पहुंचे। उन्होंने उनके कमरे का दरवाजा खटखटाया लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर उनके भांजे आकाश को आम तोड़ने साथ ले गए। सभी लोग आम तोड़कर वापस आए और आशीष के हिस्से के आम आकाश को सौंपकर चले गए लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। महिला के लिबास में आत्महत्या के मामले में पुलिस हर कोण पर जांच कर रही है। लेकिन मिलनसार आशीष का महिला के लिबास में मृत मिलना कई आशंकाओं को जन्म दे रहा है। पुलिस इस एंगल पर भी जांच कर रही है कि कहीं आशीष ऑटोएरोटिसिज्म का शिकार तो नहीं हो गए थे। हालांकि अभी यह जांच का विषय है। लेकिन घटना वाली रात दस बजे के बाद आशीष ने इंटरनेट भी नहीं चलाया था। उसकी अंतिम कॉल भी बेहद सामान्य थी। अब पहेली को सुलझाना पुलिस के लिए आसान नहीं है।

इस पूरी घटना में विभिन्न बिंदुओं पर जांच की जा रही है। आशीष के मोबाइल को खंगाला जा रहा है। यह देखा जा रहा है कि आशीष के सामने कौन सी परिस्थितियां थी। इस मामले में अभी कुछ स्पष्ट नहीं हो सका है।

# पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज न होने पर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री से लगाई गुहार



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** पुरानी रंजिश के चलते हुए विवाद में रिपोर्ट दर्ज करने के लिए पीड़ित एक सप्ताह से अधिकारियों के चक्कर लगा रहा है। मगर अधिकारियों की हठधर्मिता के कारण पीड़ित की रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। इसको लेकर पीड़ित ने आई.जी.आर.एस पर शिकायत दर्ज कर रिपोर्ट लिखवाने के साथ ही पीड़ित ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है।

घटना एक सप्ताह पुरानी बताई जा रही है, जिसमें लोग घरों की छत से पत्थर बरसाते हुए दिखाई दे रहे हैं। बताते चलें पूरा मामला जनपद सम्भल के थाना कैला देवी के ग्राम लालपुर तितरी का है। जहां दो पक्षों में वर्षों से चली आ रही पुरानी रंजिश ने 19 जून को भयंकर रूप धारण कर लिया गांव में जमकर पत्थर बाजी हुई। ग्राम में हुई पत्थर बाजी का वीडियो सोशल मीडिया पर लगातार वायरल हो रहा है। पीड़ित पक्ष का आरोप है। कि पत्थर बाजी कर रहे लोगों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर तो मुकदमा दर्ज कर लिया गया। मगर पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। लगातार पीड़ित अधिकारियों के चक्कर लगा रहा है। मगर फिर भी पीड़ित की उच्च अधिकारियों द्वारा एक नहीं सुनी जा रही है। घटना के एक सप्ताह अधिकारियों के बाद पीड़ित की रिपोर्ट दर्ज न होने पर पीड़ित ने आईजीआरएस के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज कराई है। साथ ही पीड़ित ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से न्याय की गुहार लगाई है।

# मारपीट में एक का सिर फटा, महिला कांस्टेबल के पैर पर गिरा लोहे का बैरिकेडिंग

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिले में जिगर मंच पर मिलिंद गाबा को सुनने पहुंचे श्रोताओं की भीड़ बेकाबू हो गई। भारी हंगामे के कारण भगदड़ मची तो मारपीट में एक युवक सिर फटा गया। जबकि महिला कांस्टेबल शालिनी वर्मा के पैर पर लोहे के बैरिकेडिंग गिर गया। उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने फ्रेक्चर की आशंका जताई है। इमरजेंसी में महिला कांस्टेबल का एक्स-रे कराने के लिए स्टाफ को निर्देशित किया गया। वहीं घायल युवक को उसके साथी किसी स्थानीय क्लीनिक पर ले गए।

गाबा के मंच पर पहुंचते ही लाइव शो में पीछे खड़ी भीड़ बेकाबू हो रही थी। पुलिसकर्मी बार-बार लाठियां फटकार कर लोगों को पीछे हटाने के प्रयास में जुटे थे। इसी बीच भीड़ में भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। मारपीट में युवक का सिर फट और व्यवस्थाएं बनाने में कांस्टेबल के चोट आ गई। इसके बाद भी युवक पुलिसकर्मियों से नोकझोंक करने लगा। बमुश्किल उसे समझाकर ड्रेसिंग के लिए भेजा गया। हुड़दंग मचा रहे अन्य युवकों को भी पुलिस ने डांटकर समझाया। रात 11:30 बजे गायक मंच से उतरे तो लोग उनके पीछे सेल्फी के लिए दौड़ने लगे। इससे भी किसी को चोट लग सकती थी लेकिन पुलिस कर्मियों ने पहले ही सुरक्षा घेरा बना रखा था।

मिलिंद गाबा के नखरे प्रदर्शनी समिति व कार्यक्रम के आयोजकों को दोपहर से ही झेलने पड़े। गायक व उनकी टीम के ठहरने के लिए एक होटल में व्यवस्था की गई थी। मिलिंद ने साफ इनकार कर दिया कि वह फाइव स्टार से कम किसी होटल में नहीं ठहरेंगे। जल्दबाजी में आयोजकों को होटल होलिडे रीजेंसी में व्यवस्था करनी पड़ी। इसके बाद कार्यक्रम रात 8:30 बजे से शुरू होना था लेकिन मिलिंद गाबा 10 बजे तक मंच पर नहीं पहुंचे। तब तक लोगों को संभालना मुश्किल हो गया। मंच पर छोटी बच्ची आनिया की नृत्य प्रस्तुति से थोड़ी देर समय प्रबंधन किया गया।

गाबा का एक दिव्यांग फैन अमित कुमार उनकी तस्वीर बनाकर लाया था। उसे देने के लिए मंच पर पहुंच गया। बाउंसर्स ने भी उसे जाने दिया। गाबा ने फैन के प्रति स्नेह दिखाया और स्केच के लिए उसे धन्यवाद कहा। अमित ने मिलिंद को बताया कि वह भी संगीत सीख रहा है तो गायक ने उसे माइक सौंप दिया। अमित ने मेरी आशिकी बस तुम ही हो, सुन रहा हा न तू गीत सुनाया। एक और गीत गाने के लिए कहा तो गाबा ने मजाकिया अंदाज में कहा कि शो तू ही कर ले भाई।

## सार-संक्षेप

# कासगंज की नई डीएम मेघा रूपम ने पदभार ग्रहण किया



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में तैनात अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी आईएएस मेधा रूपम का ट्रांसफर हो गया। उत्तर प्रदेश सरकार ने उनको कासगंज का डीएम बनाकर भेजा हैं। नवागत जिलाधिकारी मेघा रूपम ने प्रेस वार्ता मे बताया कि मेरी प्राथमिकता जनपद को भ्रष्टाचार मुक्त करना है जनपद का विकाश करना है। जनपद में शासन की प्रत्येक योजनाका लाभ जन जन तक पहुंचाया है। मेघा रूपम ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बतौर अपर मुख्य कार्यपालक के रूप में तैनात हैं। वह वर्ष 2014 बैच की आईएएस अफसर हैं। मेधा रूपम राष्ट्रीय स्तर के राइफल शूटर और राज्य स्तर की तैराक भी हैं। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफेंस कॉलेज से इकोनॉमिक्स में स्नातक किया है। आईएएस मेधा रूपम का जन्म यूपी के आगरा हुआ था। पिता ज्ञानेश गुप्ता भी एक आईएएस अफसर हैं। पिता की पोस्टिंग केरल में थी तो मेधा की शुरुआती पढ़ाई भी वहीं से हुई। वर्ष 2008 में उन्होंने 12वीं पास किया। इसी दौरान उनका लगाव शूटिंग से हुआ। आईएएस मेधा रूपम ने 10 मीटर की एयर रायफल पीपी साइट में ट्रेनिंग ली और केरल की स्टेट शूटिंग चैपिंयनशिप हिस्सा लेकर वो कर दिखाया, जो कभी नहीं हुआ। उन्होंने तीन गोल्ड मेडल अपने नाम करते हुए केरल स्टेट का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। दिल्ली से उन्होंने अपना ग्रेजुएशन कंप्लीट किया। यहां यूनिवर्सिटी लेवल पर शूटिंग चैंपियनशिप में शामिल होती रहीं। वर्ष 2009 में नेशनल चैंपियनशिप में हिस्सा बनीं, लेकिन बाद में सिविल सर्विस के लिए शूटिंग छोड़ दी। साल 2014 में उन्होंने सिविल सर्विस की परीक्षा पास की और टॉपर बनीं। उन्होंने आईएएस रैंक मिली। उसके बाद उनकी मसूरी में ट्रेनिंग हुई। जून 2015 को ट्रेनिंग पूरी होने के बाद पहली पोस्टिंग मिली।

# दिवस वार गौशाला का निरीक्षण करेंगे अधिकारी

**गजरौला।** हसनपुर की गौशाला प्रकरण के बाद अब अधिकारी सजग हो गए हैं। इसके तहत गजरौला बीडीओ ने समस्त सहायक विकास अधिकारियों व क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी के दिन निर्धारित कर दिए हैं। उनको दिवस वार गोशाला का मौके पर जाकर निरीक्षण कर रिपोर्ट मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं। हसनपुर स्थित नगर पालिका की गोशाला में बीते दिनों जिंदा गाय को गड्ढे में दबाए जाने का मामला सामने आया। जिससे जिले की बड़ी फजीहत हुई। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए डीएम राजेश कुमार त्यागी ने हसनपुर एसडीएम भगत सिंह को हटाकर जिला मुख्यालय से संबद्ध कर दिया। कई कर्मचारी निलंबित कर दिए गए। गजरौला बीडीओ अरुण कुमार ने ब्लॉक की मोहम्मदाबाद स्थित गोशाला में संरक्षित गोवंशीय पशुओं की प्रतिदिन निगरानी के लिए दिन के हिसाब से सहायक विकास अधिकारियों व क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी है। एडीओ राजवीर सिंह सोमवार, एडीओ संदीप कुमार मंगलवार को गोशाला का निरीक्षण कर बीडीओ को रिपोर्ट सौंपगे। खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी प्रांतीय रक्षक दल अश्विनी कुमार बुधवार को, एडीओ मनोज सिंह बृहस्पतिवार व शुक्रवार को गोशाला का निरीक्षण कर बीडीओ को यह रिपोर्ट सौंपेंगे कि गोशाला में पशुओं को क्या चारा दिया गया। पानी सही दिया गया या नहीं। कोई पशु बीमार तो नहीं है। एडीओ आकाश पाल को प्रत्येक शनिवार गोशाला का निरीक्षण कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। बीडीओ का कहना है कि दिवस वार निरीक्षण में लापरवाही बरतने पर संबंधित के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए पत्र लिखा जाएगा।

# आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौत



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** बुधवार की सुबह बारिश में आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गई। मौत होने पर खेत में धान लगा रहे। आसपास के किसानों में हड़कंप मच गया। और गम का माहौल बन गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। थाना नखासा क्षेत्र की निवासी मलवती पत्नी नरेश उम्र लगभग 32 वर्ष ग्राम ततारपुर संदल चौथाई पर अपने गांव के ही खेत में धान लगा रही थी। जैसे ही पहली बारिश शुरू हुई।

तो किसान बारिश को देखकर झूम उठे लेकिन तेज बादल गरजने लगे और आकाशीय बिजली तेज होकर चमकने लगी। और मृतक मालवती पर गिर गई। जिसमें मौके पर ही मृत्यु हो गई। मृतक मालवती के दो लड़की एक लड़का है। आकाशीय बिजली से मौत की सूचना पर किसानों में हड़कंप मच गया। और थोड़ी सी देर में बारिश की खुशी गम में बदल गई। मौत की सूचना पर थाना नखासा पुलिस मौके पर पहुंच गई। और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# नाले में पड़ा मिला छह माह की बच्ची और महिला का शव




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**देहरादून।** दपटेलनगर के बड़ोवाला क्षेत्र में एक सूखे नाले में छह माह की बच्ची और एक महिला का शव पड़े मिले। दोनों शव करीब तीन दिन पुराने बताए जा रहे हैं। दुर्गंध आने पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी थी। माना जा रहा है कि दोनों की हत्या कर किसी ने शव यहां फेंके हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रात का वक्त होने के कारण पंचायतनामे भी शवों के नहीं हो पाए हैं।

पटेलनगर कोतवाली इंस्पेक्टर कमल कुमार लूंठी ने बताया कि बड़ोवाला क्षेत्र में पेट्रोल पंप से आगे सूखे नाले में एक लड़की और करीब छह माह के बच्चे का शव पड़ा मिला है। उनसे दुर्गन्ध आ रही है। माना जा रहा है कि शव 2-3 दिवस पुराना हो सकता है। दोनों शवों को कब्जे में लिया गया है। मौके पर शव की शिनाख्त के प्रयास किए गए लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई।

शव का पंचायतनामा बुधवार को भरा जाएगा। पोस्टमार्टम के बाद ही मृत्यु के कारणों का पता चल पाएगा। मामला खुलेगा या नहीं इसका पता तो वक्त के साथ ही चल सकेगा, लेकिन देखने वाली बात यह होगी कि पुलिस इस चुनौती को किस स्तर पर लेती है। और बता दें कि इससे पहले भी कई बड़े हत्याकांड पुलिस सुलझा नहीं पाई है। पुलिस के मुताबिक बड़ोवाला में जो दो शव मिले हैं उनके बारे में माना जा रहा है कि दोनों मां बेटी हैं। हालांकि इसका पता डीएनए रिपोर्ट के बाद ही चल सकता है। लेकिन ये बात पुलिस की मुश्किलें और बढ़ा रही है। पहले तो शवों की पहचान करना ही चुनौती है। इसके बाद दोनों के बीच संबंध में खंगालने होंगे। मरने वाली दोनों मां-बेटी ही हुई तो शक की सुई परिवार पर भी घूमेगी। जिस स्थान पर महिला और बच्ची के शव मिले हैं वह क्षेत्र आता बेशक पटेलनगर थाना क्षेत्र में है, लेकिन वह शहर के बाहर का देहात क्षेत्र है। यहां पर भीड़भाड़ और आवागमन शहर की तुलना में कम है। ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण ज्यादा सीसीटीवी कैमरे भी नहीं है। बताया जा रहा है कि घटनास्थल के पास एक वेडिंग प्वाइंट है, लेकिन वह भी बंद है। बाकी स्थलों में ज्यादा सीसीटीवी कैमरे नहीं हैं। महिला और बच्ची के शवों की शिनाख्त के लिए पुलिस ने कोशिश तेज कर दी है। इस मामले के लिए टीम का गठन किया गया है। आस-पास के थाना क्षेत्रों के अलावा यूपी के सीमावर्ती जिलों में भी घटना के बारे में जानकारी दी गई है।

# चार जिलों से होगी चलती-फिरती साइंस लैब की शुरुआत



**देहरादून।** लैब्स ऑन व्हील्स, यानी चलती-फिरती साइंस लैब की शुरुआत पहले चरण में चंपावत, अल्मोड़ा, देहरादून और पौड़ी से होगी, जिसे छह माह बाद सभी जिलों में संचालित करने की योजना है। उत्तराखंड सरकार और यूकॉस्ट परिषद की इस महत्वाकांक्षी परियोजना का मकसद उत्तराखंड के दूरदराज के ग्रामीण और पर्वतीय इलाकों में कक्षा छह से 10वीं तक के विद्यार्थियों को विज्ञान, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और गणित विषयों में क्रियात्मक ज्ञान की वृद्धि के लिए मोबाइल साइंस लैब उपलब्ध कराना है।

शासन ने मोबाइल साइंस लैब के लिए पांच करोड़ रुपये की धनराशि जारी की है। प्रथम चरण में चार जिलों में छह महीने तक कार्यक्रम का सफल संचालन किए जाने की योजना है। इसके बाद इस प्रोजेक्ट को सभी जनपदों में संचालित किया जाएगा। इस संबंध में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने लैब्स ऑन व्हील्स नाम से चल रहे इस प्रोजेक्ट की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मंगलवार को एक बैठक में मोबाइल साइंस लैब प्रोजेक्ट की समीक्षा की।

इस दौरान प्रथम चरण में चंपावत, अल्मोड़ा, देहरादून एवं पौड़ी में इस प्रोजेक्ट को संचालित करने के निर्देश दिए। प्रोजेक्ट के तहत बालिकाओं को विशेष रूप से विज्ञान की शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में अपर सचिव रंजना राजगुरु, महानिदेशक बंशीधर तिवारी, यूकॉस्ट महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत व अगस्तया फाउंडेशन के संस्थापक उपस्थित रहे।

मुख्य सचिव रतूड़ी ने राज्य के दुर्गम एवं ग्रामीण पर्वतीय क्षेत्रों में छात्र-छात्राओं के लिए साइंस फिल्मों के प्रदर्शन, टेलीस्कॉप से लाइव स्काई ऑब्जर्वेशन, विज्ञान मेलों एवं वर्कशॉप का आयोजन और शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण व कार्यशालाओं के आयोजन के निर्देश दिए।

कहा, मोबाइल साइंस लैब से राज्य के ग्रामीण एवं सुदूर पर्वतीय क्षेत्रों के विद्यालयों में विज्ञान प्रयोगशालाओं को सुदृढ़ किया जाए और विज्ञान संचार गतिविधियों को बढ़ावा देने का कार्य किए जाए।

# किसान के घर का ताला तोड़कर घुसे चोर, लहसुन के साथ-साथ ले गए सिलिंडर



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रामपुर के मसवासी क्षेत्र के रहमतगंज गांव में चोरों ने किसान के घर का ताला तोड़ दो कट्टे लहसुन व गैस सिलिंडर चोरी कर लिया। घटना के समय गृह स्वामी और उसका परिवार मौजूद नहीं था। वापस आम पर उसने चौकी पुलिस को तहरीर देदी, लेकिन पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

चौकी क्षेत्र के गांव रहमतगंज निवासी किसान सूरज ने चौकी पुलिस को दी तहरीर में बताया की सोमवार को वह घर से फैक्टरी में काम करने गया था, जबकि उसकी पत्नी मायके गई हुई थी। इसके चलते वह घर पर ताला डालकर गया था। देर शाम जब वह घर वापस आया तो घर में लगा ताला टूटा हुआ था।

घर के अंदर जाकर देखा तो लहसुन के दो कट्टे और गैस का सिलिंडर गायब था। आसपास तलाश करने पर भी कोई जानकारी नहीं मिली तब वह चौकी पहुंचा और पुलिस को तहरीर दे दी। पुलिस में घटना स्थल का मुआयना किया है।

# मुठभेड़ के दौरान दो गौ-तस्करों के पैर में लगी गोली, तीन मौके से फरार, तलाश में पुलिस

**मुरादाबाद।** बुधवार को मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी कि बलभद्रपुर गांव के जंगल में गो तस्कर पशु को काट रहे हैं। सूचना मिलने पर कोतवाल सुबह पांच बजे पुलिस फोर्स लेकर मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखते ही गो तस्करों ने फायरिंग करना शुरू कर दिया। जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भी फायरिंग की। फायरिंग में दो बदमाशों को गोली लग गई। वहीं मौके से तीन बदमाश फरार होने में सफल रहे। पुलिस की फायरिंग में जिला मुरादाबाद स्थित थाना बिलारी के ग्राम आंवला निवासी बबलू, जिला संभल के थाना नखासा के ग्राम लोधी सराय निवासी समीर घायल हो गए। उनका तीसरा साथी कोतवाली मिलक के ग्राम रेवाड़ी कला निवासी अबरार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वहीं, फायरिंग के दौरान पुलिस को चकमा देकर थाना शाहबाद के बड़ा गांव निवासी सलीम, जिला मुरादाबाद के थाना बिलारी स्थित ग्राम सहसपुर निवासी बाबर उर्फ शरीफ और कोतवाली मिलक के रेवाड़ी खुर्द निवासी रिजवान उर्फ छोटा फरार होने में कामयाब हो गए।

पुलिस को मौके से 315 बोर के दो तमंचे, चार कारतूस, एक चाकू, गोवंशीय पशु का 80 किलो मांस, गोवंश काटने के उपकरण, एक मोटरसाइकिल और एक टोयोटा कोरोला कार बरामद हुई। पुलिस ने फायरिंग में घायल हुए दोनों बदमाशों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। भाई कोतवाल धनंजय सिंह ने बताया कि मुख्य द्वार द्वारा सूचना मिली थी कि जंगल में कुछ लोग गोवंश पशु का बध कर रहे हैं।

# यूपी में सात कानों की बछिया ने लिया जन्म, एक से देता है सुनाई बाकी छह हैं बंद

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** अमरोहा स्थित आदमपुर क्षेत्र के गांव छपना में एक किसान के घर गाय ने सात कानों की बछिया को जन्म दिया। बछिया के सात कान होने की चर्चा होने पर गांव में कौतूहल बना हुआ है। फिलहाल बछिया बीमार है। उसका उपचार चल रहा है।




मामला गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र गांव छपना का है। गांव निवासी किसान विजेंद्र पुत्र लखीराम गाय पालते हैं। शनिवार को उसकी गाय ने एक बछिया को जन्म दिया। जब बछिया को देखा गया तो उसके सात कान थे। बिजेंद्र ने बताया कि उसकी बछिया के सात कानों में से एक कान से ही सुनाई देता है, बाकी बचे सभी छह कान बंद हैं। बछिया जन्म लेने के बाद शुक्रवार से ही बीमार चल रही है।

# रूस-यूक्रेन के बीच 90 युद्ध बंदियों की अदला-बदली



**मास्को।** रूस-यूक्रेन को दो साल से अधिक समय हो चुका है। इस युद्ध के दौरान न जानें कितने ही लोगों को दोनों देशों ने बंदी बना लिया है। हालांकि अब एक अच्छी खबर है। रूस ने बताया कि उसने संयुक्त अरब अमीरात की मध्यस्थता में यूक्रेन के साथ 90 बंदियों का आदान-प्रदान किया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हजारों भारतीय खेत मजदूरों ने इटली में गुलामी प्रथा को समाप्त करने का आग्रह किया है। दरअसल, हाल ही में हुई एक मजदूर की भयावह मौत ने अवैध प्रवासियों के शोषण को दुनिया के सामने ला दिया है।

पूर्वी चीन में सोमवार को 2 जापानी नागरिकों सहित तीन लोगों पर एक व्यक्ति ने चाकू से हमला कर दिया। जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएनएन के मुताबिक जापानी महिला बस स्टॉप पर स्कूल बस के पास खड़ी थी, तभी आरोपी व्यक्ति ने जापानी महिला और उसके बच्चे पर हमला कर दिया। इस दौरान स्कूल बस में अटेंडेंट के रूप में काम करने वाली एक चीनी महिला भी गंभीर रूप से घायल हो गई। जापान के विदेश मंत्रालय के नेशनल ओवरसीज सेफ्टी डिवीजन के एक प्रतिनिधि ने सीएनएन को बताया कि जियांग्सू प्रांत के सूजौ में हुए हमले में स्कूल बस अटेंडेंट के रूप में काम करने वाली एक चीनी महिला को भी गंभीर चोटें आईं।

शराब और तंबाकू जानलेवा है। इनके सेवन से कैंसर जैसी घातक बीमारियां बढ़ रही है। भारत सहित दक्षिण एशिया के देशों को इनके अवैध कारोबार को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने चाहिए।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि सभी देशों को तंबाकू उत्पादों के अवैध व्यापार की निगरानी के लिए ठोस उपाय करने चाहिए। क्षेत्रीय निदेशक साइमा वाजेद ने कहा, अवैध तंबाकू और शराब व्यापार पर रोक लगनी चाहिए। इसके लिए सभी देशों को तंबाकू नियंत्रण पर रूपरेखा सम्मेलन प्रोटोकॉल के पक्षकार बनना चाहिए। फिलहाल इस समय भारत और श्रीलंका इस प्रोटोकॉल के पक्षकार हैं।

भारत के 46 वर्षीय इलेक्ट्रीशियन ने सालों तक पैसों की बचत करने और समझदारी से निवेश करने के बाद दुबई में तकरीबन 2.25 करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार जीता है। खलीज टाइम्स में प्रकाशित खबर के मुताबिक, आंध्र प्रदेश के नागेंद्रम बोरुगद्दा 2019 से नेशनल बॉन्ड में 100 दिरहम का निवेश कर रहे हैं। 2017 से यूएई में रह रहे बोरुगद्दा की 18 वर्षीय एक बेटी और 16 वर्षीय एक बेटा है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में महाराजा रणजीत सिंह की प्रतिमा को फिर स्थापित किया जाएगा।

पंजाब सरकार के मुताबिक, बुधवार को करतारपुर साहिब में महाराजा रणजीत सिंह की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। उनकी नौ फुट की कांस्य प्रतिमा को 2019 में लाहौर किले में स्थापित किया गया था, लेकिन कट्टर राजनीतिक दल तहरीक-ए-लब्बैक के कार्यकर्ताओं ने दो बार प्रतिमा को तोड़ा दिया। अमेरिका के लास वेगास में पांच लोगों की हत्या करने वाले आरोपी ने मंगलवार को आत्महत्या करके अपनी जान दे दी।

सीएनएन के मुताबिक पुलिस ने आरोपी एरिक एडम्स का पता लगाकर उसके ठिकाने तक पहुंची थी लेकिन उससे पहले ही एडम्स ने अपनी जान दे दी। सोमवार सुबह एरिक एडम्स ने दो अपार्टमेंट में गोलीबारी की थी, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 13 साल की लड़की गंभीर रूप से घायल हो गई। लड़की का अभी भी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

सिंगापुर में भारतीय मूल के 25 वर्षीय एक व्यक्ति को 2023 में यहां एक होटल में प्रतिद्वंद्वी गिरोह द्वारा प्रेरित झगड़े में शामिल होने के लिए एक वर्ष से अधिक की जेल की सजा सुनाई गई और 2,000 डॉलर का जुर्माना लगाया गया। बता दें, झगड़े में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। शर्विन जय नायर ने मोहम्मद इसरत इस्माइल को जानबूझकर चोट पहुंचाने के एक आरोप में मंगलवार को अपना गुनाह कबूल कर लिया। नायर ने अन्य आरोपों को भी स्वीकार कर लिया और उसे यहां की एक अदालत ने 12 महीने और आठ सप्ताह जेल की सजा सुनाई।

झगड़े में कथित संलिप्तता को लेकर 10 से अधिक लोगों पर आरोप लगाए गए हैं। इनमें भारतीय मूल का एक अन्य व्यक्ति 29 वर्षीय अश्विन पचन पिल्लई सुकुमारन भी शामिल है, जो इसरत की हत्या के आरोप का सामना कर रहा है। उप लोक अभियोजक कैथी चू ने कहा कि झगड़े में शामिल दो समूह दो प्रतिद्वंद्वी गुप्त समितियों से संबंधित थे। बता दें, जानबूझकर चोट पहुंचाने के दोषी पाए गए लोगों को तीन साल तक की जेल तथा 5,000 डॉलर तक का जुर्माना देना पड़ सकता है।

## नाटो के नए महासचिव बने रूटे



**नीदरलैंड।** देश के प्रधानमंत्री मार्क रूटे को नीटो ने अपना अगला महासचिव नियुक्त किया है। रूटे को यह जिम्मेदारी ऐसे समय सौंपी गई है, जब यूक्रेन में युद्ध जारी है और यूरोपीय सुरक्षा के लिए यह एक महत्वपूर्ण समय है। ब्रुसेल्स में 32 देशों के गठबंधन के मुख्यालय में नाटो राजदूतों की बैठक के दौरान रूटे की नियुक्ति पर मुहर लगाई गई। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके समकक्ष नौ से 11 जुलाई को वाशिंगटन में एक शिखर सम्मेलन में औपचारिक रूप से उनका स्वागत करेंगे। नीदरलैंड के प्रधानमंत्री एक अक्तूबर को महासचिव का पदभार संभालेंगे। वह नार्वे के जेन्स स्टोल्टेनबर्ग की जगह लेंगे।

स्टोल्टेनबर्ग ने इस पद पर एक दशक से अधिक समय बिताया है। साल 2022 में रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद निरंतरता बनाए रखने के लिए, उनके कार्यकाल को बार-बार बढ़ाया गया था। ल्टेनबर्ग ने कहा,मैं अपने उत्तराधिकारी के रूप में मार्क रूटे को नाटो सहयोगियों द्वारा चुने जाने का स्वागत करता हूं। मार्क एक मजबूत नेता हैं। मैं उनकी सफलता की कामना करता हूं। आज या आने वाले समय की चुनौतियों से निपटने के लिए नाटो को मजबूत करना जरूरी है। मुझे पता है कि मैं नाटो को अच्छे हाथों में दे रहा हूं।

महासचिव बैठकों की अध्यक्षता करते हैं और सदस्य देशों के बीच अक्सर नाजुक परामर्शों का मार्गदर्शन करते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि संगठन, जो आम सहमति से चलाया जाता है, सुचारू रूप से काम कर सके। नाटो नेता यह भी सुनिश्चित करता है कि निर्णयों को अमल में लाया जाए और सभी सदस्यों की ओर से बोलता है

# भारतीय-अमेरिकी दंपती को कोर्ट ने सुनाई सजा



**वाशिंगटन।** अमेरिका की एक अदालत ने अपने रिश्तेदार को तीन साल से अधिक समय तक जबरदस्ती अपने गैस स्टेशन और सुविधा स्टोर पर काम कराने के आरोप में एक भारतीय दंपती को जेल की सजा सुनाई है। दरअसल, दंपती ने स्कूल में दाखिला दिलाने के बहाने से अपने रिश्तेदार को अमेरिका लेकर आया था।

आरोपियों की पहचान 31 वर्षीय हरमनप्रीत सिंह और 43 वर्षीय कुलबीर कौर के तौर पर की गई है। जहां हरमनप्रीत सिंह को 135 महीने और कुलबीर कौर को 87 महीने की सजा सुनाई गई है। इसके साथ ही दोनों को पीड़ित को 1.87 करोड़ रुपये देने का आदेश भी दिया गया है।

न्याय विभाग के नागरिक अधिकार प्रभाग के सहायक अटॉर्नी जनरल क्रिस्टन क्लार्क ने कहा कि आरोपी दंपती ने पीड़ित के साथ अपने संबंध का फायदा उठाते हुए उससे झूठे वादे कर उसे अमेरिका ले आए। उन्होंने आगे बताया कि आरोपियों ने पीड़ित के आव्रजन दस्तावेजों को जब्त कर लिया और न्यूनतम वेतन देकर उसे काम करने के लिए मजबूर किया।

टॉर्नी जनरल क्रिस्टन क्लार्क ने कहा कि इस सजा से यह संदेश जाता है कि हमारे समुदाय में जबरन श्रम को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। न्याय विभाग ने बताया कि मुकदमें के दौरान पेश किए गए सबूतों से पता चलता है कि आरोपी हरमनप्रीत सिंह अपने रिश्तेदार और एक नाबालिग को स्कूल में दाखिला दिलाने का लालच देकर उन्हें अमेरिका लेकर आया। अमेरिका आने के बाद उसने अपने रिश्तेदार के आव्रजन दस्तावेज को जब्त करने के बाद उन्हें अपने स्टोर में तीन साल के लिए जबरन काम करने को मजबूर किया।दोनों आरोपी अपने रिश्तेदार से स्टोर की साफ सफाई से लेकर खाना बनाना, स्टॉक करना और कैश रजिस्टर को संभालने का काम करवाता था। वह न्यूनतम वेतन पर पीड़ित से हर दिन 12-17 घंटे काम करवाता था। आरोपी ने कई दिनों तक पीड़ित को स्टोर के पीछे सोने के लिए छोड़ देता था। पीड़ित को भोजन भी समय से उपलब्ध नहीं कराया जाता था।

## नशे की समस्या के लिए बनाई योजना

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगर वे फिर से राष्ट्रपति चुने गए तो अमेरिका में ड्रग्स की सप्लाई करने वाले गिरोहों के प्रमुखों को मारने के लिए मैक्सिको में किलर स्कवॉड भेजेंगे। अमेरिका में फेंटानिल ड्रग्स की समस्या बढ़ रही है और बड़ी संख्या में युवा इस नशे का शिकार हो रहे हैं। ये ड्रग्स मैक्सिको से अमेरिका भेजी जा रही हैं।

रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सहयोगियों से बात करते हुए कहा कि अमेरिकी सेना में खतरनाक जवान हैं और उन्हें मैक्सिको में नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई में इस्तेमाल किया जा सकता है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका के सैनिक गुपचुप तरीके से मैक्सिको में नशे के कारोबार के प्रमुखों को मारेंगे।

# आम चुनाव से पहले सट्टेबाजी से सियासी बवाल



**ब्रिटेन।** देश में प्रधानमंत्री पद के लिए चार जुलाई को चुनाव होने वाला है। इस बीच, यहां इन दिनों सट्टेबाजी स्कैंडल को लेकर सियासी बवाल मचा हुआ है। हाल ही में ब्रिटेन में आम चुनाव से पहले प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को कई आरोपों का सामना करना पड़ रहा है। उनके बॉडीगार्ड को सट्टेबाजी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। वहीं, अब इस मामले में उनके प्रतिद्वंदी लेबर पार्टी के कुछ बड़े नेता भी घिरते दिख रहे हैं।

नेता कीर स्टारर ने अपने एक उम्मीदवार को सट्टा लगाने के लिए निलंबित कर दिया है। दरअसल, ब्रिटेन का जुआ आयोग चुनाव के समय पर कथित रूप से सट्टेबाजी को लेकर सत्तारूढ़ दल से जुड़े कई व्यक्तियों की जांच कर रहा है। ब्रिटेन में सट्टेबाजी करना कानूनन अपराध नहीं है, लेकिन अंदरूनी जानकारी का फायदा उठाकर सट्टेबाजी करना अवैध बताया गया है। ब्रिटेन के जुआ अधिनियम 2005 की धारा 42 के तहत जुए में धोखाधड़ी करना अपराध है। लेबर पार्टी ने आम चुनाव में अपने उम्मीदवार केविन क्रेग को निलंबित कर दिया है।

वहीं क्रेग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि उन्होंने खुद के हारने पर शर्त लगाई थी और जीत की रकम दान में देने वाले थे। उन्होंने कहा, हालांकि मैंने नतीजों के बारे में पहले से कोई जानकारी लेकर यह शर्त नहीं लगाई थी, लेकिन यह एक बहुत बड़ी गलती थी, जिसके लिए मैं बिना शर्त माफी मांगता हूं। बता दें, केविन क्रेग पूर्वी इंग्लैंड में सेंट्रल सफोक और नॉर्थ इप्सविच से लेबर पार्टी के सांसद बनने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं, जिसे कंजर्वेटिव की सुरक्षित सीट माना जाता है।

यह सीट पहले डैन पॉल्टर के पास थी, जो चुनाव से पहले टोरीज से लेबर में चले गए थे और फिर राजनीति से बाहर हो गए। निलंबित लेबर क्रेग ने कहा, कुछ सप्ताह पहले जब मुझे लगा कि मैं यह सीट कभी नहीं जीत पाऊंगा, तो मैंने टोरीज पर शर्त लगाई थी कि वे जीतेंगे, इस इरादे से कि जीत की राशि दान में दे दी जाएगी। हालांकि मैंने परिणाम के बारे में पहले से कोई जानकारी होने पर शर्त नहीं लगाई थी, लेकिन यह एक बहुत बड़ी गलती थी, जिसके लिए मैं बिना शर्त माफी मांगता हूं।

किसी भी निलंबित टोरी सांसद के मामले में, अभियान के इस अंतिम चरण में मतपत्रों में उनके नाम के बगल में पार्टी का चिह्न दिखाई देगा, लेकिन निर्वाचित होने पर उन्हें एक स्वतंत्र सांसद माना जाएगा। इस बीच, उन्होंने कहा है कि वे जुआ आयोग की जांच का पूरी तरह से पालन करेंगे। लेबर पार्टी ने पिछले कुछ दिनों में सुनक पर अपने पार्टी सहयोगियों को निलंबित करने के लिए दबाव डाला था।

# बर्ड फ्लू फैलने का फिलहाल संकेत नहीं: डब्लूएचओ



**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि एच5एन1 एवियन इन्फ्लुएंजा वायरस में फिलहाल ऐसे बदलाव आने के संकेत नहीं हैं, जिससे उसके एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलने की आशंका बढ़ती हो। यूएन एजेंसी ने फिलहाल इस वायरस और संक्रमण मामलों की लगातार निगरानी किए जाने का आग्रह किया है।

संयुक्त राज्य अमेरिका के कई इलाकों में लाखों डेयरी मवेशियों में बर्ड फ्लू का प्रकोप है और अब तक एक व्यक्ति के संक्रमित होने की जानकारी प्राप्त हुई है। अब तक कम से कम 220 व्यक्तियों की निगरानी की गई है और 30 का परीक्षण हुआ है। यूएन स्वास्थ्य एजेंसी के महानिदेशक टेड्रोस एडहेनॉम घेबरेयेसस ने बुधवार को बताया कि अनेक व्यक्ति संक्रमित पशुओं के संपर्क में आए हैं और उनकी निगरानी व परीक्षण अहम है। साथ ही उन्हें आवश्यकता अनुसार स्वास्थ्य देखभाल मुहैया कराई जानी होगी।

डॉक्टर टैड्रॉस के अनुसार, अभी तक वायरस ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है कि व्यक्तियों में उसके फैलने की स्थिति बनती हो, मगर निरंतर निगरानी की जानी जरूरी है। स्थ्य संगठन का कहना है कि अमेरिका में कच्चे दूध में यह वायरस मिला है, मगर शुरुआती परीक्षण दर्शाते हैं कि दूध को ज्यादा तापमान पर कुछ देर गर्म करने और फिर ठंडा करने, पाश्चरीकरण से वायरस खत्म हो जाता है।

इसके मद्देनजर, यूएन एजेंसी ने सभी देशों में लोगों को पाश्चरीकृत दूध का इस्तेमाल करने की सलाह दी है, जिसके जरिए संभावित वायरस के सूक्ष्मजीवों को इस स्तर पर कम किया जा सकता है, जिससे स्वास्थ्य जोखिम न हो। इससे दूध को इस्तेमाल करने की अवधि में भी वृद्धि होती है।

यूएन एजेंसी के महानिदेशक ने बताया कि संगठन का आकलन है कि एच5एन1 एवियन इन्फ्लुएंजा के कारण सार्वजनिक स्वास्त्य जोखिम का स्तर फिलहाल कम है. संक्रमित पशुओं के सम्पर्क में आने वाले लोगों के लिए मामूली से सामान्य स्तर पर है।

डॉक्टर टैड्रॉस के अनुसार विश्व भर में इन्फ्लुएंजा की निगरानी के लिए व्यवस्था है, जिसे 130 देशों में स्थित केंद्रों के एक नेटवर्क द्वारा संचालित किया जाता है। हाल के वर्षों में, एच5एन1 जंगली पक्षियों, मुर्गियों, भूमि व समुद्र में स्तनपायी जीवों में तेजी से फैला है।

## जलवायु परिवर्तन से निपटने की तैयारी

**नई दिल्ली।** जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने के लिए राज्य सरकारों ने कवायद तेज कर दी है। 27 राज्य और 7 केंद्रशासित प्रदेशों ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ अपना मास्टर प्लान साझा किया है। इसके तहत, जहां राज्यों में टास्क फोर्स बनाई गई है, वहीं प्रत्येक राज्य में पर्यावरण स्वास्थ्य प्रकोष्ठ बनाया जाएगा। राज्यों ने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का सबसे अधिक सामना करने वाले संवेदनशील जिलों की सूची भी साझा की है।

यह योजना साल 2020 से अब तक चार बार केंद्र के साथ हुई बैठकों के बाद आई है। राज्यों से मसौदा एकत्रित करने के बाद नई दिल्ली में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र ने इसे स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ साझा किया है।

# भारतीय मूल के युवक को 10 साल की कैद, दो गुटों की लड़ाई में था शामिल



**नई दिल्ली।** भारतीय मूल के एक युवक को एक मामले मे एक साल की जेल और 2,000 सिंगापुरी डॉलर का जुर्माना लगाया गया है। 2023 में एक होटल में एक झगड़े में युवक शामिल था, इस झगड़े में एक की व्यक्ति की मौत हो गई थी। शार्विन जय नायर ने मंगलवार को भारतीय मूल के शर्विन जय नायर को एक मामले में सजा सुनाई गई।

यह मामला वर्ष 2023 का है। जहां दो गुटों में एक होटल में लड़ाई हो गई। इस दौरान दूसरे गुट के एक युवक की मौत हो गई। इस मामले में मोहम्मद इसरत इस्माइल को दोषी करार दिया गया। एक ऑर्चर्ड रोड के पर्यटक मोहम्मद इसरत इस्माइल की इस झगड़े में मौत हुई थी। उसने अन्य आरोपों को भी स्वीकार किया। उसे यहां की एक अदालत ने 12 महीने और आठ सप्ताह की जेल की सजा सुनाई। वहीं झगड़े में कथित संलिप्तता के लिए 10 से अधिक लोगों पर आरोप लगाए गए हैं। इस मामले में एक अन्य भारतीय मूल का व्यक्ति, 29 वर्षीय अस्वैन पचन पिल्लई सुकुमारन भी शामिल है। उस पर भी जिस पर इसरत की हत्या का आरोप है। उप लोक अभियोजक कैथी चू ने कहा कि झगड़े में शामिल दो समूह दो प्रतिद्वंद्वी गुप्त समाजों से संबंधित थे। दोषी पाए जाने वालों को तीन साल तक की जेल या 5,000 सिंगापुर डॉलर तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।

# सात जनपदों में रिसर्च टीम ने किया सर्वेक्षण

**हाथरस।** जिले में इंटेंसिव कम्युनिटी आउटरेच फॉर एमपीओवेरिंग वीमेन गर्ल्स फॉर सेफ्टी अण्ड अवेयरनेस कार्यक्रम यूनिसेफके कोर्डिनेशन में पुलिस द्वारा अन्य सम्बन्धित विभागो जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्राम विकास, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन , महिला एवं बाल विकास विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार, युवा एवं खेल विभाग, मनोवैज्ञानिक ध् काउन्सलर्स के समन्वय से संचालित किया जा रहा है।ऑपरेशन जागृति फेज-01 का थर्ड पार्टी इम्पैक्ट असेसमेंट



प्रोफेसर हिमांशु राय, डायरेक्टर आईआईएम इन्दौर द्वारा किया गया है। प्प्ड इंदौर द्वारा आगरा जोन के सात जनपदों में रिसर्च टीम भेजकर सर्वे किया गया। आईआईएम इंदौर द्वारा एसेसमेंट रिपोर्ट में अंकित किया गया है कि ष्ऑपरेशन जागृति के मूल्यांकन के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि ऑपरेशन जागृति ने जमीनी स्तर पर महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण पर महत्त्वपूर्ण सकारात्मक प्रभाव डाला है। ऑपरेशन जागृति में विभिन्न विभागों के अग्रणी जमीनी कर्मचारियों जैसे बीट कॉस्टेबलों , आशा, शिक्षक, पंचायत सचिव आदि का उपयोग करते हुए समाज के कमजोर वर्गों तक एक व्यापक और प्रभावी पहुँच सुनिश्चत की और साथ ही सभी सरकारी विभागों के बीच सामंजस्यपूर्ण समन्वय का निर्माण किया।

## मालगाड़ी के तीन डिब्बे पटरी से उतरे

**प्रयागराज।** निरंजन डॉट पुल पर मालगाड़ी के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए हैं। इससे रेल महकमे में खलबली मच गई। ट्रेन डिरेल हो के चलते दिल्ली-हावड़ा रूट पर रेल संचालन फिलहाल बाधित हो गया है। इंजीनियर डिब्बे को पटरी पर लाने के प्रयास में जुट गए हैं। जिस मालगाड़ी का वैगन पटरी से उतरा है वह खाली थी। बुधवार को एक खाली मालगाड़ी प्रयागराज जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या आठ से नैनी स्टेशन के लिए दोपहर 03.05 बजे रवाना हुई।

# ऑपरेशन जागृति फेज-2 का आयोजन

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**हाथरस।** ऑपरेशन जागृति फेज-02 के तहत समस्त थानों की ऑपरेशन जागृति टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थानों, पंचायतों पर कार्यक्रम आयोजित कर उपस्थित महिलाओं, बालिकाओं व आमजन को ऑपरेशन जागृति के उद्देश्यो के बारे में जानकारी देते हुये सुरक्षा सम्बंधी उपायों, विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, संचालित कल्याणकारी योजनाओं व साइबर अपराधो से बचाव हेतु किया जागरुक किया। पुलिस अधीक्षक हाथरस निपुण अग्रवाल




के निर्देशन में ऑपरेशन जागृति फेज-2 अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों की ऑपरेशन जागृति टीमों द्वारा यूनिसेफके प्रतिनिधियों के साथ ग्रामों, मौहल्ले, वार्ड आदि स्थानों पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिला एवं बालिकाओं व आमजन को ऑपरेशन जागृति के उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई और अभियान का जन-जन तक प्रचार प्रसार करने की अपील की गई। उपरोक्त अभियान के सफल संचालन एवं बेहतर परिणामों के फलस्वरूप जोन स्तर पर उक्त अभियान के द्वितीय फेज का पुन: शुभारम्भ किया गया है। शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायतीराज, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन महिला एवं बाल विकास, बाल विकास एवं पुष्टाहार युवा एवं खेल विभाग, सकिय मनोवैज्ञानिक, काउंसलर्स, पुलिस विभाग शामिल के अधिकारी, कर्मचारी शामिल रहे।


स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक अजरा परवीन द्वारा वेदवीर प्रिन्टर्स, विद्यापीठ पुरम् सिविल लाइन, बदायूं से मुद्रित एवं कार्यालय अमर भास्कर निकट रीजेन्सी होटल लावेला चौक, बदायूं (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक: अबरार अहमद** (इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन हेतु पी.आर.बी. की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी)। समस्त विवाद बदायूं न्यायालय के अधीन होगें। मोबाइल नं. 9411214614, ई-मेल: amarbhashkar21@gmail.com, RNI No.:- UPHIN/2021/82941